वर्ष- 21 अंक - 245 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, बुधवार 18 फरवरी 2026

## नहीं रहीं मशहूर एक्ट्रेस प्रवीणा देशपांडे



**मुंबई.एजेंसी।** सीनियर एक्ट्रेस प्रवीणा देशपांडे का 60 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। वो सलमान खान की फिल्म रेडी समेत कई फिल्मों और टीवी शोज में नजर आई थीं।




# पहली बार पेश होगा 'रोलिंग बजट'

## मोहन सरकार के तीसरे बजट में मन मोहने वाली कई घोषणाएं

**भोपाल.एजेंसी।** मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सदन में वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगे। यह बजट 4.70 लाख करोड़ का हो सकता है। इस बार का बजट कई मायनों में खास होगा, क्योंकि सरकार पहली बार 'रोलिंग बजट' पेश कर रही है। यानी केवल एक साल नहीं, बल्कि अगले तीन वर्षों का वित्तीय खाका पेश किया जाएगा। सरकार युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर कई अहम घोषणाएं कर सकती है। राज्य में लगभग 50 हजार रिक्त सरकारी पदों को भरने का ऐलान संभव है। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए परीक्षा प्रणाली में बदलाव की भी घोषणा हो सकती है।

मोहन सरकार के इस तीसरे पूर्ण बजट में कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, कृषि क्षेत्र को भी प्राथमिकता देने के अलावा सहकार टैक्सी सेवा' शुरू करने का प्रस्ताव और सिंहस्थ के लिए भी सरकार बजट में राशि आवंटित कर सकती है।

# विशाखापट्टनम में आज नौसेनाओं का मेला

## 50 से ज्यादा देश होंगे शामिल, राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी शिरकत

**बुधवार.एजेंसी।** विशाखापट्टनम के तट पर आज से इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलन अभ्यास का भव्य आगाज हो रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस सुमेधा पर सवार होकर भारत और दुनिया के 50 से ज्यादा देशों से आए जहाजों और पनडुब्बियों के विशाल बेड़े का निरीक्षण करेंगी।

इस रिव्यू में भारतीय नौसेना के साथ-साथ मित्र देशों के कुल 71 जहाज और पनडुब्बियां शामिल होंगी। आकाश में मिग-29के, एलसीए तेजस, पी-8आई टोही विमान और सी-किंग हेलिकॉप्टरों की गड़गड़ाहट सुनाई देगी।

## बांग्लादेश के नए पीएम को मोदी ने दिया न्योता

**नई दिल्ली.एजेंसी।** पीएम मोदी ने बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान को भारत आने का न्योता दिया। तारिक के शपथ समारोह में पहुंचे स्पीकर ओम बिरला ने न्योते की यह चिट्ठी तारिक इमरान को सौंपी।

## वेंटिलेटर पर सलीम खान!

**मुंबई.एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान के पिता और दिग्गज राइटर सलीम खान की हालत नाजुक बनी हुई है। लीलावती अस्पताल में भर्ती सलीम खान को वेंटिलेटर पर रखा गया है। सलमान खान देर रात पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे। संजय दत्त, जावेद अख्तर सहित कई अन्य फिल्मी सितारे भी अस्पताल पहुंचे।

## अमेरिकी हमले में तीन नाव तबाह, 11 की मौत

**बुधवार.एजेंसी।** अमेरिका ने समुद्री ड्रग तस्करी के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए प्रशांत महासागर और कैरेबियन सागर में बड़ी सैन्य कार्रवाई की। तीन संदिग्ध ड्रग-तस्करी नावों पर हमला कर इन नावों को तबाह कर दिया। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई।

# बंगाल चुनाव से पहले पूर्व एनएसजी कमांडो सीआरपीएफ अधिकारी और पूर्व मंत्री की बेटी भाजपा में शामिल



**कोलकाता.एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने कई चर्चित चेहरों को पार्टी में शामिल कर बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की। कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व एनएसजी कमांडो दीपांजन चक्रवर्ती, सेवानिवृत्त सीआरपीएफ डीएसपी बिप्लब बिस्वास और दिवंगत आरएसपी नेता और पूर्व मंत्री क्षिति गोस्वामी की बेटी कस्तूरी गोस्वामी ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

### भाजपा, तृणमूल में हिंसक भिड़ंत

पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले में प्रचार अभियान के दौरान तृणमूल कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई जिससे कई लोग घायल हो गए। बीजेपी का आरोप है कि जब उसके कार्यकर्ता गृह संपर्क कार्यक्रम कर रहे थे, तब तृणमूल के लोगों ने उन पर हमला बोल दिया।

**अप्रैल में होंगे चुनाव-** चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल व केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा के चुनाव अप्रैल में हो सकते हैं। निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम की घोषणा मार्च के दूसरे सप्ताह में कर सकता है।

## श्रद्धालुओं पर गिरा 60 फीट ऊंचा रथ

**वेल्लोर.एजेंसी।** तमिलनाडु के वेल्लोर जिले में 'मयाना कोल्लई' धार्मिक उत्सव के दौरान बड़ा हादसा हो गया। करीब 60 फीट ऊंचा सजा-धजा मंदिर रथ अचानक असंतुलित होकर पलट गया, जिससे सात श्रद्धालु घायल हो गए।

## प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हाई सिक्योरिटी जोन में हो गई चोरी

**नई दिल्ली.एजेंसी।** प्रगति मैदान में चल रहे भारतीय एआई इम्पैक्ट समिट में हाई सिक्योरिटी जोन से एआई फिटनेस वेयरबल चोरी होने से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा हुआ है। एआई वियरेबल डिवाइस बातचीत को ट्रैक करने और भावनाओं का विश्लेषण करने में सक्षम हैं। ये चोरी भी उस समय हुई है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समिट का उद्घाटन करने भारत मंडपम पहुंचे थे और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सख्त थी।

## महिला शूटिंग खिलाड़ी से रेप

**आगरा.एजेंसी।** आगरा की राष्ट्रीय स्तर की राइफल शूटिंग खिलाड़ी को सेना में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में एक फौजी को गिरफ्तार किया गया है। एनसीसी कैंप में हुई पहचान के बाद आरोपी ने देहरादून ले जाकर कथित रूप से नशीला पदार्थ खिलाकर वारदात को अंजाम दिया।

## भाजपा नेता को गोली मारी, चाकू से गोदा

**कानपुर.एजेंसी।** कानपुर में रावतपुर थानाक्षेत्र के छपेड़ा पुलिया के पास मंगलवार देर रात एक बजे दुकान की रंजिश में तीन युवकों ने भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोनू राठौर की पीठ पर गोली मार दी। इसके बाद हत्या करने के लिए पेट में चाकू से गोद दिया। सोनू राठौर की हालत नाजुक है।

## सुहागरात से पहले फुर्र

**कौशांबी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के कौशांबी में सेना के जवान की शादी तो हुई, लेकिन सुहागरात वाले दिन ही दुल्हन अपने प्रेमी संग फरार हो गई। लुटेरी दुल्हन अपने साथ 5 लाख नकद और 15 लाख रुपए के गहने भी ले गई।



## सड़क पर उतरे इमरान समर्थक, किया चक्काजाम

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बिगड़ती सेहत और जेल में खराब परिस्थितियों के खिलाफ विपक्षी गठबंधन तहरीक-ए-तहफ्फुज-ए-आइन पाकिस्तान ने लगातार पांचवें दिन इस्लामाबाद में धरना प्रदर्शन जारी रखा। पीटीआई समर्थकों ने पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण अटॉक ब्रिज को सड़क ब्लॉक कर बंद कर दिया है।

## कर्ज में डूबे देशों में जापान नं. वन, भारत पर अमेरिका-चीन से भी कर्ज कम

**बुधवार.एजेंसी।** वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने दुनिया के देशों पर मौजूद सरकारी कर्ज के जो आंकड़े शेयर किए हैं उनमें जापान नंबर-1 है। जबकि जापान के बाद सबसे ज्यादा कर्ज में डूबा हुआ देश सिंगापुर है।

इसके बाद ग्रीस पर 154प्रश, तो इटली पर जीडीपी 154प्रश है। टॉप-5 कर्ज में डूबे देशों में अमेरिका भी शामिल है। चीन का सरकारी कर्ज देश की जीडीपी का 88.3प्रश है। वहीं भारत पर कर्ज का आंकड़ा देखें, तो ये चीन की तुलना में काफी कम है और 81.9प्रश है।

# सत्तन की बेटी कनुप्रिया का मन पहले से ही कांग्रेस में आने का बना हुआ था

### कल भोपाल कार्यालय में हुआ पटवारी की मौजूदगी में कांग्रेस प्रवेश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक और कवि सत्यनारायण सत्तन की बेटी कनुप्रिया ने कल भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक और कांग्रेस नेत्री अर्चना जायसवाल की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस समय हर कोई कांग्रेस से जुडने में दूर है, ऐसे में अर्चना जायसवाल के माध्यम से चर्चा के बाद कनुप्रिया ने कांग्रेस का दामन थामा। कनुप्रिया अच्छी वक्ता होकर डिबेटर भी है और इलेक्ट्रानिक चैनल पर एंकर के रूप में कार्य किया है। इसका लाभ कांग्रेस को मिल सकता है, ऐसा भी अब कांग्रेसी प्रदेश के साथ इन्दौर में भी कहने लगे है। कनुप्रिया इन्दौर से जुडी हुई है। इन दिनों कांग्रेस का संगठन पिछले कार्यकाल की तुलना में सक्रिय नजर आ रहा है, ऐसे में कांग्रेस को प्रखर वक्ता की भी आवश्यकता है और कनुप्रिया का बोल वचन भी अच्छा बताया जा रहा है। कनुप्रिया कांग्रेस में रहकर अगर सत्ता के खिलाफ मुद्दे उठाएंगी तो कांग्रेस को भी इसका लाभ मिलेगा। कल इस आयोजन के बाद इन्दौर के कांग्रेसियों में भी कनुप्रिया की कांग्रेस सदस्यता चर्चा का विषय सोशल मीडिया पर बनी रही। कई भाजपाई भी चर्चारत थे कि प्रखर वक्ता सत्यनारायण सत्तन की बेटी ने किस आधार पर कांग्रेस का दामन थामा है। कनुप्रिया ने पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भी मुलाकात की थी और कांग्रेस से जुड़े एक संगठन की भी जिम्मेदारी उन्होंने संभाली थी। कनुप्रिया तीन माह पहले कांग्रेस नेताओं के साथ इंदिरा प्रतिमा पर नजर आई थीं, तभी से यह चर्चा होने लगी थी कि वे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर सकती हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण सत्तन ने कहा वैचारिक स्वतंत्रता के लिए यह कनुप्रिया का अधिकार है, मैंने कनुप्रिया का कन्यादान कर दिया, अब उनका फैसला है कि उन्हें क्या करना है। सत्तन ने यह भी कहा मेरी बेटी की विचारधारा इंदिराजी को लेकर थी। जिस पार्टी को उसने श्रेष्ठ माना, उस पार्टी के साथ वह गई। यह उसका अपना फैसला है। कनुप्रिया ने यहां तक कहा कि मेरे पिता भले ही भाजपा के विधायक रहे हैं, लेकिन मेरे दादा व परदादा कांग्रेसी थे। मेरी मां भी एनएसयूआई से जुड़ी थीं, इस कारण कांग्रेस की विचारधारा ने मुझे आकर्षित किया।

# कांग्रेस की तोड़ में कांग्रेस का राजीव विकास केन्द्र

### जिन्हें कांग्रेस पदाधिकारी बनने का मौका नहीं मिलेगा उन्हें देगा केन्द्र जगह, 52 प्रकोष्ठ और मार्गदर्शक मंडल का किया निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राजीव विकास केंद्र द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश एवं शहर जिलों के साथ ही इंदौर जिला एवं इंदौर शहर में व्यापक संगठनात्मक विस्तार की घोषणा की गई है। प्रदेश राजीव विकास केंद्र के अध्यक्ष देवेंद्रसिंह यादव ने बताया कि प्रदेश के शहर एवं जिला कांग्रेस कमेटी में विभिन्न कारणों से जो सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता पदाधिकारी नहीं बन पाएंगे, उन्हें मध्य प्रदेश राजीव विकास केंद्र के माध्यम से संगठन में सम्मानजनक जिम्मेदारी प्रदान की जाएगी। कुल मिलाकर कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारी नहीं बनने वाले कार्यकर्ताओं को अब राजीव विकास केन्द्र जिम्मेदारी देगा। इसके लिए भारी भरकम पदाधिकारी बनाए जाएंगे। वहीं 52 प्रकोष्ठ और मार्गदर्शक मंडल का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश पदाधिकारी और जिला पदाधिकारी भी बनाए जाएंगे। महिला, युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति-जनजाति, पिछड़ा वर्ग, प्रोफेशनल एवं आईटी वर्ग को संगठित कर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। देवेन्द्रसिंह यादव ने एक नारा भी बुलंद किया जो 'राजीव के सिपाही - 2028 में करेंगे भाजपा की विदाई।' जल्द ही राजीव विकास केन्द्र शहर, जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठ और मार्गदर्शक मंडल में पदाधिकारी बनाएगा उसके अलावा ब्लॉक, मंडलम, बूथ स्तर पर भी पदाधिकारी बनाकर घोषणा की जाएगी और संगठन चलाया जाएगा।



## प्रसादी में पहुंचे भाजपा नेता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कण्केश्वर महादेव मंदिर महादेव तोतला नगर में भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। आयोजन भाजपा नेता नानूराम कुमावत ने किया था और कुमावत के बुलावे पर सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, कैलाश शर्मा, नन्दकिशोर पहाड़िया, सूरज जोशी, नीतेश जैन, विशाल यादव, बंसीलाल पुरोहित सहित अन्य पहुंचे थे।



## भाजपा प्रभारी को नगर अध्यक्ष लेकर पहुंचे ताई के निवास

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर भाजपा ने कल कामकाजी और परिचय बैठक भाजपा कार्यालय में बुलाई थी। बैठक में नगर भाजपा प्रभारी राजेश सोलंकी भी पहुंचे थे। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा नगर प्रभारी राजेश सोलंकी को लेकर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ताई के निवास पर पहुंचे। ताई को दुपट्टा पहनाकर स्वागत भी किया गया।

# अब भाजपा भी बरलाई शुगर कारखाना मामले में मैदान में उतरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मालवा सहकारी शुगर कारखाना बरलाई के अंशधारक किसानों को उनके हिस्से के अनुपात में उचित मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं व किसानों ने कल कलेक्टर शिवम वर्मा के साथ बैठक कर जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठाई। नेताओं ने कहा कि बरलाई शुगर कारखाने से जुड़े हजारों किसानों को उनकी जमीन के बाजार मूल्य के अनुसार भुगतान किया जाना चाहिए तथा पुराने भूमि रिकॉर्ड भी किसानों को उपलब्ध कराए जाएं। नेताओं ने यह भी मांग रखी कि संबंधित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य किसानों के अधिकार तय होने तक रोके जाएं और शासन व किसानों के बीच समन्वय समिति बनाई जाए ताकि विवाद का समाधान हो सके। इसके अलावा किसानों से पूर्व में लिए गए शुल्क को वापस करने की भी बात कही गई। किसानों को भुगतान के बाद ही कोई निर्माण किया जाए। श्रवणसिंह चावड़ा, रवि रावलिया, उमानारायण पटेल, गोपालसिंह चौधरी, कंचनसिंह चौहान, भारतसिंह चौहान, सुभाष चौधरी, पवनसिंह पटेल, लोकेंद्रसिंह पंवार उपस्थित थे।



# एमआईसी सदस्य चाहते हैं टेबल टेनिस कोर्ट के पहले स्विमिंग पूल चालू कराना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल को नेहरूपार्क स्विमिंग पूल के मुद्दे पर चर्चा की और कहा कि तैराक खिलाड़ियों को पूल बंद होने से परेशानी आ रही है। खासतौर से श्रमिक क्षेत्र की बस्तियों के बच्चे इस स्विमिंग पूल के चालू होने का इंतजार कर रहे हैं, परीक्षाएं शुरू हो चुकी है और परीक्षा समाप्त होते ही इन बच्चों को स्विमिंग पूल का आनन्द लेना है। कुछ नए बच्चे तैरना सीखेंगे। स्विमिंग पूल से जुड़े सदस्यों में भी पूल बंद होने से आक्रोश है। निगम आयुक्त ने भी ठेकेदार को बुलवाकर फटकार लगाई। एमआईसी सदस्य नन्दकिशोर पहाड़िया ने कहा कि टेबल टेनिस कोर्ट भले ही बाद में शुरू हो, स्विमिंग पूल पहले शुरू होना चाहिए। ठेकेदार ने फटकार के बाद कहा कि उन्हें भुगतान नहीं मिल रहा है। आयुक्त ने पुराने फिल्टर प्लांट देखकर उसकी तारीफ की। इस स्विमिंग पूल पर 4 करोड़ की लागत से काम हो रहा है। इस दौरे के दौरान निगम अधिकारी अभय राजनगांवकर, शांतिलाल यादव, श्री मेहता एवं आर्किटेक्ट अतुल त्रिवेदी मौजूद थे।





## सरपंच ने करवाई सफाई व्यवस्था

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बोहरा समाज का रमजान पर्व कल से शुरू हुआ और कल पहले ही रोजा अवसर पर बांक पंचायत की सफाई टीम ने सरपंच सोहराब पटेल के मार्गदर्शन में बोहरा बाहुल्य नूरानी नगर में निरीक्षण भी किया और सफाई व्यवस्था भी चाक चौबंद करवाई।

# कलेक्टर ने कराई जांच में शिक्षा विभाग में 2.87 करोड़ गबन का खुलासा

## रिपोर्ट आने के बाद भी अभी तक कार्रवाई नहीं

## 5 बीईओ पर उठी अंगुलियां, डीडीओ ने किया पॉवर का गलत इस्तेमाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कलेक्टर शिवम वर्मा को आयुष कोष और लेखा शाखा भोपाल ने 23 दिसम्बर 2025 को सूचना भेजी थी कि सूचना विभाग में संदिग्ध भुगतान हुए हैं और इसी मामले में कलेक्टर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए 26 दिसम्बर 2025 को जांच करने के आदेश दिए थे उसी के बाद 10 सदस्यीय जांच दल दिव्या शर्मा के नेतृत्व में गठित किया गया था। आरोप यह लग रहा था कि 5 बीईओ ने अपने पद का और डीडीओ ने भी अपने पावर का गलत इस्तेमाल किया और जो भुगतान खातों में जमा होता है उसकी एक माह में रिपोर्ट पेश करना होती है। अंगुलियां यह भी उठी थी कि गलत रिपोर्ट पेश की गई इसी आधार पर भोपाल से मामले में सीधा कलेक्टर को पत्र भेजा गया था। 2.87 करोड़ के गबन को लेकर अंगुलियां उठी थी और जांच रिपोर्ट में भी खुलासे हुए हैं और इस खुलासा में कई अधिकारी पर सीधी अंगुलियां उठी है। जांच दल ने 2018 से 2026 तक कार्यरत रहे बीईओ और इस कार्यालय के कर्मचारियों और क्रिएटर की कार्यप्रणाली की भी जांच की। जांच में तत्कालीन 5 एप्रूवलकर्ता बीईओ जिन्हें प्राचार्य रहते हुए प्रभार सौंपा गया था उनकी कार्यप्रणाली में त्रुटि दिखी। जांच में इन पांच शिक्षा अधिकारियों को कहीं ना कहीं दोषपूर्ण माना। 13 देयकों से संदिग्ध राशि निकालने की बात भी सामने आई है। देयक सूची में भी बैंक खाता नम्बर में बिल जनरेट करते समय छेड़छाड़ करने की बात भी रिपोर्ट सौंपी है। ख़जराना स्कूल के भृत्य और दो ऐसे नाम भी है जो शासकीय कर्मचारी नहीं है, वहीं 7 खातों में वेंडर के नाम से भुगतान किया गया है। बड़ी बात यह है कि यह भुगतान लगातार होता रहा। बीईओ कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के कथन भी लिए गए उसमें भी पता पड़ा कि एक भृत्य सभी बिल जनरेट करता था, जबकि उस भृत्य का काम बिल जनरेट करना नहीं था, जो विधि-विधान के अनुरूप नहीं है। आहरण और संवितरण अधिकारी को हर माह की अवधि सभी देयकों को सत्यापित किया जाना आवश्यक है और उन्हें एक माह के अन्दर यह बताना होता है कि सभी भुगतान सही बैंक खातों में किए गए हैं और यह भी बताना था कि तत्कालीन बीईओ द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है, साथ में यह भी लिखना था कि इससे यह प्रतीत हो ता है कि गबन हो रहा है। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि अधिकारियों द्वारा ओटीपी भी देने की जवाबदारी है, लेकिन वह कार्य भी नहीं किया गया। यह जांच रिपोर्ट संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा द्वारा सौंप दी गई है। इसके बावजूद भी अब तक इस मामले में विभाग द्वारा ना ही कोई एफआईआर कराई गई है ना ही इन अधिकारियों के खिलाफ किसी तरह की कार्यवाही की गई है। अब देखना होगा कि जांच रिपोर्ट के खुलासे के बाद दोषियों के खिलाफ कब कार्रवाई होती है। उक्त पूर्ण समाचार मिली जानकारी के अनुसार प्रकाशित किया जा रहा है।

## कामकाजी बैठक में बोले जिम्मेदार

# भाजपा के मजबूत संगठन को और सशक्त बनाए कार्यकर्ता

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

भाजपा कार्यालय पर कल भाजपा नगर की कामकाजी बैठक प्रभारी रणवीरसिंह रावत, राजेशसिंह सोलंकी, सुमित मिश्रा, गोपीकृष्ण नेमा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सुदर्शन गुप्ता, प्रताप करोसिया, अंजु माखीजा के मंचासीन उपस्थिति में की गई। इस बैठक में भाजपा के जिम्मेदारों ने अलग-अलग उद्बोधन दिए और कहा कि भाजपा की मूल ताकत कार्यकर्ता है। पहले से मजबूत भाजपा संगठन को और सशक्त बनाने में कार्यकर्ता जुट जाए। सुशासन और सुचिता के लिए अपना योगदान भी दें। दीपक जैन टीनू, नन्दकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, अभिषेक शर्मा बबलू, भूपेन्द्रसिंह केसरी, कंचन गिदवानी, गुलशन यादव, राकेश जैन, वरुण पाल, नितिन शर्मा, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी, दीपेश पंचोरी, रितेश शर्मा, सचिन बंसल, विशाल यादव, रानू अग्रवाल, इंदु श्रीवास्तव, मंजू ठाकुर, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार सहित अन्य मौजूद थे।



# कोली समाज ने प्रतिमा के लिए दिया मंत्री को ज्ञापन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वीरांगना झलकारी देवी की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर कोली समाज लम्बे समय से प्रयासरत है। पूर्व में भी महापौर सहित अन्य से इस मामले में ज्ञापन और अन्य मुद्दे पर सीधे चर्चा भी हो चुकी है। दशहरा मैदान रोड का नामकरण भी वीरांगना के नाम से करने पर सहमति बनी थी, लेकिन निर्णय नहीं हुए, अब कोली समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मुलाकात की और आग्रह किया कि शासन द्वारा नियम के माध्यम से वीरांगना के नाम का शाइन बोर्ड लगवाया जाए, प्रतिमा भी स्थापित की जाए। नारायणप्रसाद कबीरपंथी, प्रकाश महावर कोली, दिनेश वर्मा, दिलीप देवरिया, गणेश शाक्य, ओमप्रकाश धीमान, रमेश चिरगैया, कैलाशचंद चौधरी, महेश उमरैया सहित अन्य मौजूद थे।



## आयोग के आर्य का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार के अंतर सिंह आर्य के एक दिवसीय दौरे पर इन्दौर रेसीडेंसी कोठी में कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट के प्रकाश मानावत ने अपने साथियों कैलाश मानावत,मोनिक मालवीय, शंकर पवार, हर्ष राठौड़ ,ट्रस्ट के सचिव आशिष शिंदे के साथ सम्मान किया।

## संस्था मातृभूमि की झांकी में दिखेंगे मोदी, पुतिन और ट्रम्प

# भाजपाई रहेंगे शाही रंगारंग बाना में मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** शिवरात्रि के महापर्व के बाद अब होली पर्व समीप आने लगा है, इसी होली को लेकर संस्था मातृभूमि ने इस बार भी मल्हारगंज से शाही रंगारंग बाना 2 मार्च की शाम 6.30 बजे से रखा है। इस बाना फाग यात्रा में मोदी, पुतीन और ट्रम्प को लेकर विश्व एकता का संदेश देने वाली झांकी रहेगी। संस्था संयोजक जयदीप जैन ने बताया कि इस वर्ष बाने में 70 फीट ऊँची मिसाइल होगी। द्वारका मंत्री फाग गीतों की प्रस्तुति देंगे। जूनियर रणवीर कपूर और मणिपुर की कत्थक कली टीम और रथ पर भगवान श्रीनाथजी भी रहेंगे। रथों पर भगवान श्रीराम, भारत माता, पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं भी रहेगी। जोकर टोली, आदिवासी दल, डिस्को डांस ग्रुप, ढोल-नगाड़े, बैंड-डीजे और झांझ पार्टियां शामिल रहेंगे। बडी संख्या में भाजापा से जुडे सांसद, विधायक, सांसद और कई समाजों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। मल्हारगंज से राजबाडा तक यह फाग यात्रा निकलेगी। ठण्डाई और पोहे का वितरण भी होगा। समिति का गठन भी किया गया है।

## जिला कांग्रेस ने 128 वार्डों में कर दिए अध्यक्ष तैनात

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पंचायत वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की पांचवीं सूची जारी की गई। जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के द्वारा विधानसभा क्षेत्र महू एवं राऊ अंतर्गत नगर पंचायतों में वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। अब तक जिले के सभी 128 वार्डों में अध्यक्षों की नियुक्ति की जा चुकी है।

# कई कांग्रेसी पदाधिकारी बनने से रह जाएंगे वंचित

## जिनकी प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं से नहीं बैठती है पटरी वे रहेंगे संगठन से बाहर, अध्यक्ष का क्षेत्र और उनके समर्थक भी रहेंगे बाहर

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इन दिनों शहर कांग्रेस में 51 पदाधिकारी बनाने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें से एक पदाधिकारी संगठन महामंत्री के रूप में संजय बाकलीवाल पहले से बनाए गए हैं। बचे हुए 50 पदाधिकारियों में से एक कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग का बनना अध्यक्षीय कोटे से तय माना जा रहा है। अब 49 पदाधिकारियों में साढ़े 5 विधानसभा में से पदाधिकारी बनाना है। हर विधानसभा के प्रभारियों से और वरिष्ठ नेताओं से एक-एक नाम भी लिया गया है। हर विधानसभा का एक कोटा निर्धारित किया गया है। कांग्रेस के सोशल मीडिया ग्रुप पर कई कांग्रेसियों ने अपना दर्द छलकाया कि हमारी पटरी प्रभारियों से नहीं बैठती है, इसलिए हमारा नाम विधानसभा प्रभारियों ने नहीं भेजा है। कुछ ने कहा कि हमारी पटरी वरिष्ठ नेताओं से नहीं बैठती है उन्होंने हमारा नाम कटवाया है। सोशल मीडिया पर यह भी लिखा जा रहा है कि हम सक्रिय है, लेकिन प्रभारियों की पसंद नहीं है, तो हमारा नाम कांग्रेसियों की पदाधिकारी सूची में कैसे आएगा। संगठन का काम अब प्रभारी ही करेंगे तो आगे भी वे ही काम संभालें, हमारी जरूरत कांग्रेस में क्या पड़ेगी। कुछ लोगों ने कहा कि प्रभारियों के कारण राजनीतिक रूप से दूसरे गुट के कांग्रेसियों को परेशानी आएगी। कई बड़े नेता विधानसभा में अपने समर्थकों का नाम बढ़ाने के लिए हस्तक्षेप कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि अभी भी दो वरिष्ठ नेता अपने नामों को लेकर फू-फा कर रहे है, कुछ अपनी विधानसभाओं को छोड़कर दूसरी विधानसभा में हस्तक्षेप कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी ज्यादा नामों को लेकर हस्तक्षेप कर रहे हैं। भाजपा में तो तीन दर्शन भी पदाधिकारी नहीं बने, लेकिन कांग्रेस में 4 दर्जन से ज्यादा पदाधिकारी बन रहे हैं, फिर भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष का कोटा कम होता दिखाई दे रहा है उनकी विधानसभा 2 जो बड़ी है फिर भी नाम कम हो गए हैं। भाजपा की नगर इकाई में अध्यक्ष के नाम विधानसभा 3 से भरपूर आए थे, जबकि विधानसभा 2 से अध्यक्ष का कोटा खुद अध्यक्ष ने दूसरे नाम एडजस्ट करने के लिए कम कर लिए है। अध्यक्ष की पसंद के नाम भी गायब हो रहे हैं। कुल मिलाकर अध्यक्ष चिंटू चौकसे संगठन पदाधिकारी के मामले में गिनती को लोग बनवा पा रहे हैं वे खाली हाथ रह सकते हैं। इन 51 पदाधिकारियों के बाद भी बाद में शहर कांग्रेस को प्रदेश से स्वीकृति लेकर नियुक्तियां करना भी आसान नहीं होगी, क्योंकि दिल्ली आलाकमान ने 51 ही पदाधिकारी रखने के निर्देश दिए हैं। महत्वपूर्ण बात यही है कि अभी भी प्रभारी और वरिष्ठ नेता हारे हुए पार्षद उम्मीदवारों की पैरवी कर रहे हैं, जबकि उन पर निष्क्रियता की छाप लगी हुई है।

# महिलाएं-बच्चे रोते रहे और निगम ने मकान तोड़ दिए

## पंढरीनाथ क्षेत्र में गौतमपुरा में निगम की कार्रवाई






इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। नगर निगम के द्वारा न्यायालय के आदेश पर आज सुबह अल्केगोरे पथ गौतमपुरा क्षेत्र में दो मकान के चार कमरे तोड़ने की कार्रवाई की गई। जब निगम की टीम कार्रवाई करने के लिए पहुंची तो मकान में रहने वाली महिलाएं और बच्चे रोने लगे लेकिन कोई परिणाम नहीं निकला।

नगर निगम के द्वारा आज सुबह पंढरीनाथ थाना के सामने सत्यनारायण मंदिर के पीछे के मकानों पर आज तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के लिए निगम की टीम पुलिस बल के साथ पहुंच गई थी। जिन मकानों को निगम के द्वारा तोड़ा गया वह मकान बहुत पुराने होकर जर्जर अवस्था में थे। इन मकानों को तोड़ने के लिए न्यायालय का आदेश था। इस आदेश का पालन करते हुए निगम की टीम के द्वारा मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। इन मकान को तोड़ने से पहले मकान में रहने वाले लोगों का सामान घर में से निकाल कर बाहर रखा गया।

इन मकान में रहने वाले परिवारों के द्वारा इस कार्रवाई का जोरदार विरोध किया गया। इन लोगों का कहना था कि हमारे पास रहने के लिए कोई विकल्प नहीं है। ऐसे में हमारे मकान को नहीं तोड़ा जाए। अभी बच्चों की परीक्षा चल रही है। परीक्षा के समय पर मकान तोड़ दोगे तो हम कहां जाएंगे। इन लोगों की इन बातों का नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों पर कोई असर नहीं पड़ा। महिलाएं और बच्चे रोते बिलखते रहे, महिलाए हाथ जोड़ती रही और इधर उनके मकान टूटते रहे। इधर महिलाएं कहती रही हमारा मकान खतरनाक भी नहीं है क्योंकि एक मंजिला होकर उस पर टीन शेड लगे हैं, जबकि पड़ोस का मकान खतरनाक है।

### धोखाधड़ी का आरोप

इस घर में रहने वाले परिवारों का कहना है कि यह हमारी पैतृक संपत्ति है। हमने इस संपत्ति को बेचने का सौदा किया था। यह संपत्ति 14 लाख रुपए में बेच रहे थे। इस संपत्ति को खरीदने वालों ने हमसे हस्ताक्षर करवा लिए थे, लेकिन पैसा नहीं दिया था। अब मकान को खतरनाक घोषित करवा कर कोर्ट के आदेश से टूटवा दिया गया है।

# जेल रोड पर फिर चलाया यातायात पुलिस ने अभियान

**सड़क पर खड़ी हुई गाड़ियों के बने चालान, व्यापारियों को दी चेतावनी**

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। यातायात पुलिस के द्वारा कल एक बार फिर जेल रोड पर अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सड़क पर खड़ी हुई गाड़ियों के चालान बनाए गए। व्यापारियों को चेतावनी दी गई।**

शहर के यातायात को सुधारने के लिए पिछले कुछ दिनों से पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस के द्वारा अलग-अलग व्यापारिक क्षेत्र में जाकर वहां पर यातायात की व्यवस्था को बेहतर बनाने की कोशिश की जा रही है। यह कोशिश राजवाड़ा, जेल रोड, क्लाथ मार्केट, सराफा में लगातार चल रही है। इन बाजारों में कभी भी पुलिस की गाड़ी बल के साथ पहुंच जाती है।

कल शाम को एक बार फिर यातायात पुलिस ने जेल रोड पर डेरा डाला। पुलिस के द्वारा वहां सड़क पर खड़ी हुई गाड़ियों के चालान बनाए गए। इस दौरान कुछ गाड़ियां तो ऐसी थी जिन पर भाजपा का झंडा बना हुआ था। इन गाड़ियों को भी पुलिस के द्वारा नहीं छोड़ा गया। पुलिस ने सड़क के दोनों तरफ लगाई गई सफेद लाइन के बाहर खड़ी हुई हर गाड़ी का चालान बनाने और गाड़ी को ज़ब्त करने की पहल करने का काम किया।

इस दौरान जिन नागरिकों की गाड़ी के चालान बना रहे थे उन नागरिकों के द्वारा जाकर कार्रवाई का विरोध करने की कोशिश भी की गई। ऐसी कोशिश को पुलिस ने सीधे नकार दिया। बाजार के व्यापारियों को भी पुलिस के द्वारा फटकार लगाई गई। पुलिस ने इन व्यापारियों से कहा है कि क्षेत्र में यातायात की स्थिति को बेहतर रखना आपकी जिम्मेदारी है। यातायात जितना अच्छा होगा आपका कारोबार भी उतना ही अच्छा होगा।

# कचरे से कलाकृति बनाओ, निगम से इनाम पाओ

## निगम ने घोषित की हर वार्ड में होने वाली प्रतियोगिता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**शहर का कोई भी नागरिक कचरे से कलाकृति बनाकर नगर निगम से इनाम प्राप्त कर सकता है। इसके लिए नगर निगम द्वारा हर वार्ड स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता की घोषणा की गई है।**

स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निरंतर नवाचार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करने तथा वेस्ट मैनेजमेंट के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु वेस्ट से आर्ट, टैलेंट से पहचान थीम पर आर.आर.आर. टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता नगर निगम इंदौर द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें शहर के स्कूल, कॉलेज, निजी संस्थान, स्टार्टअप्स तथा आम नागरिक सहभागिता कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन गांधी हॉल में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है।

आर.आर.आर. टैलेंट प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों की उत्कृष्ट कलाकृतियों को उनके संबंधित वार्डों में नामांकित कर स्थापित किया जाएगा। साथ ही चयनित प्रतिभागियों को वार्ड स्तर पर नगर निगम द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी तथा स्वच्छता एवं पुनःउपयोग (रीयूज-रिसायक्लिंग) के संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित किया जा सकेगा। इस प्रतियोगिता में वेस्ट टू आर्ट की कलाकृति की ऊँचाई 6 फीट से कम नहीं होनी चाहिए। कलाकृति का निर्माण केवल बेकार, पुनः उपयोग योग्य सामग्री से करना अनिवार्य होगा। प्लास्टिक, धातु, लकड़ी, कागज, इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट आदि का सुरक्षित उपयोग किया जा सकता है।किसी भी प्रकार की ज्वलनशील अथवा हानिकारक सामग्री का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। कलाकृति स्वच्छ, मजबूत एवं स्थिर होनी चाहिए ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। क़लाकृति का विषय स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, रीसायक्लिंग या सामाजिक जागरूकता से संबंधित होना चाहिए। तैयार की गई कलाकृति में नई सामग्री का न्यूनतम उपयोग किया जाना चाहिए। प्रतिभागी को अपनी कलाकृति के साथ प्रयुक्त वेस्ट सामग्री की सूची प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।



## सीतलामाता बाजार में व्यापारियों को दी समझाइश

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** ट्राफिक पुलिस द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात सुधार के लिए मुनादी की जा रही है। खासतौर पर व्यापारिक क्षेत्रों में फुटपाथ पर कब्जे और गलत पार्किंग से जाम



की स्थिति बनती है। ट्राफिक पुलिस अधिकारियों ने कल फिर शाम को सीतलामाता बाजार में मुनादी कर व्यापारियों को समझाईश दी। सराफा थाना प्रभारी ने बाजार में लगे माइक से व्यापारियों से सफेद लाइन के अंदर वाहन खडे करने को कहा। वहीं कहा कि बाजार में ग्राहक किसी भी दुकान पर जाए उसे वाहन खडा करने से नहीं रोका जाना चाहिए। इधर सीतलामाता बाजार में एक बाइक चालक का चालान भी बनाया गया। चालक ने जब पुलिसकर्मी से बहस की तो उसे दोगुना राशि भरना पडी।

# गोवर्धननाथ मंदिर से लेकर नवीनचित्रा टाकीज तक सब्जी मंडी नहीं लगने दी




**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** गोवर्धननाथ मंदिर में पिछले दिनों से कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं आज शाम शोभायात्रा भी शहर के मध्य निकाली जाना है। इधर कल के बाद आज भी गोवर्धननाथ मंदिर क्षेत्र से लेकर नवीनचित्रा टाकीज और मल्हारगंज थाना तक निगम ने सब्जी मंडी नहीं लगने दी। कुछ लोगों ने सब्जी मंडी नहीं लगने के आदेश मांगे तो निगम कर्मियों ने आदेश नहीं बताए, उल्टा सभी को हकाला और सामान जब्त करने की बात कही। आज सुबह कुछ लोगों ने हंगामा भी खड़ा किया। कुछ सब्जी वाले बोले कि हम इस मामले में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिलने भी पहुंचेंगे। यहां तक कि कुछ चाय के दुकान के ठेले लगे थे उन्हें भी हटा दिया गया, वहीं पक्की दुकान है उन्हें भी सामान नीचे नहीं रखने के निर्देश दिए।

## छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन को लेकर आज शाम प्रदर्शन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मल्हारगंज थाना के सामने छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन का निर्माण किया जाना है। इसकी चपेट में दो बगीचा, 80 पेड़, 44 मकान जिसमें 66 परिवार, मंदिर, बावड़ी है वे सब खतरे में हैं। यह भी कहा गया कि इन प्राचीन पेड़ों पर पक्षियों के घोंसले बने हैं। आज शाम 5 बजे से मेट्रो स्टेशन बनाने को लेकर स्थानीय रहवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# स्वच्छता पर देश की पहली पीएचडी देते हुए प्रसन्न हुए राज्यपाल

## प्रोटोकॉल तोड़कर वरिष्ठ पत्रकार जाखेटिया से मंच पर की चर्चा

### इंदौर के स्वच्छता में सिरमौर रहने की व्यक्त की कामना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में जब स्वच्छता पर देश की पहली एचडी से वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जाखेटिया को अलंकृत करने का वक्त आया तो राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल भी प्रसन्न हुए।**



विश्वविद्यालय के द्वारा तय किए गए शेड्यूल के अनुसार पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वाले 6 शोधार्थी एक साथ मंच पर जा रहे थे और महामहिम के साथ फोटो खिंचवा रहे थे। इस दौरान जैसे ही जाखेटिया को अन्य पांच शोधार्थियों के साथ मंच पर निमंत्रित किया गया और वह मंच पर पहुंचे तब मंच पर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद सांसद शंकर लालवानी ने राज्यपाल को यह जानकारी दी कि स्वच्छता पर देश की पहली पीएचडी इंदौर से हुई है और आज आप उस पीएचडी पर डॉक्टरेट की उपाधि से अलंकृत कर रहे हैं। यह जानकारी मिलते ही राज्यपाल महामहिम मंगू भाई पटेल प्रसन्न हुए।

तत्काल राज्यपाल ने प्रोटोकॉल तोड़कर जाखेटिया को अपने पास बुलाया और हाथ मिलाकर बधाई दी। इसके साथ ही राज्यपाल ने पीएचडी के लिए स्वच्छता का विषय चुने जाने पर खुशी जाहिर की। इस दौरान जाखेटिया के साथ चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि जिस तरह से पूरे देश में स्वच्छता में इंदौर सिरमोर है तो इंदौर की यह स्थिति बनी रहें।

## महापौर ने भी की प्रशंसा

वरिष्ठतम पत्रकार जितेन्द्र जाखेटिया ने स्वच्छता मुद्दे पर सालों तक मेहनत कर पीएचडी में सफलता हासिल की थी और निगम से जुड़े मुद्दे पर पीएचडी करने पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी उन्हें बधाई दी थी और कल यह पीएचडी की सफलता का पुरस्कार प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल के हाथों विश्वविद्यालय के मंच पर सम्मानित होकर मिला।



# चंदन नगर की सड़क पर निगम ने कोर्ट में लगाई कैविएट

### चौड़ाई के मुद्दे पर आंदोलन कर रही जनता पर निगम का ध्यान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इंदौर नगर निगम के द्वारा चंदन नगर की सड़क को लेकर हाई कोर्ट में कैविएट लगा दी गई है। इस सड़क की चौड़ाई को कम करने की मांग को लेकर जनता के द्वारा कल से ही आंदोलन शुरू किया गया है।

राज्य सरकार के द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी करते हुए चंदन नगर की सड़क को इंदौर के मास्टर प्लान में शामिल कर दिया गया है। इस सड़क की चौड़ाई 60 फीट रखी गई है। यह सड़क धार रोड से एरोड्रम रोड को जोड़ने का माध्यम बनेगी। इस सड़क का निर्माण करने का फैसला पश्चिमी रिंग रोड के वैकल्पिक मार्ग के रूप में करने के लिए लिया गया है।

नगर निगम के द्वारा इस सड़क का निर्माण शुरू करने की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है। निगम की पहल शुरू होते ही क्षेत्र के नागरिक विरोध में मैदान में उतर कर आ गए हैं। कल इन नागरिकों के द्वारा 2 घंटे तक अपनी दुकानों को बंद रखा गया। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में काले झंडे लगाए गए। नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर सड़क की चौड़ाई का विरोध किया और उसे कम करने की मांग को एक बार फिर उठाया। जब इस सड़क को मास्टर प्लान में शामिल करने के लिए दावे आपत्ति की सुनवाई की जा रही थी उस समय भी क्षेत्र के नागरिकों ने चौड़ाई कम करने की आवाज उठाई थी। उन्होंने उच्च स्तरीय समिति के समक्ष भी इस बात को रखा था। इन नागरिकों का कहना था कि यदि सड़क की चौड़ाई को 20 फीट कम कर दिया जाता है तो बहुत सारे मकान और दुकान टूटने से बच जाएंगे। नागरिकों की इस आवाज को उच्च स्तरीय समिति के द्वारा नकार दिया गया। इस समिति की अनुशंसा के आधार पर शासन के द्वारा भी इस सड़क की चौड़ाई 60 फीट ही रखी गई है।

अब एक तरफ जहां नगर निगम इस सड़क को आकार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है तो दूसरी तरफ क्षेत्र के नागरिक विरोध में सड़क पर निकले हुए हैं। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा कल मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में कैविएट लगा दी गई है।



# पुलिस कमिश्नर की सुनवाई में पहुंची जन की शिकायत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**हर मंगलवार को पुलिस कमिश्नर संतोषकुमार सिंह अपने कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई में शिकायतें सुनते है और निराकरण के निर्देश भी देते है। कल 57 आवेदन प्राप्त हुए। आए हुए लोगों से खुद पुलिस कमिश्वर संतोषसिंह ने संवाद किया। अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।**

# डीन घनघोरिया ने कम्पनी पर लगाया 25 हजार का फाइन

### सुपरिटेंडेंट को भी दे दिया एमवाय निरीक्षण के दौरान नोटिस, कई तरह की व्यवस्था और मरीजों से व्यवहार ठीक करने के भी दिए निर्देश



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सालय महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अरविंद घंघोरिया ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज से संबंधित एम वाय अस्पताल की सभी मजिलो का निरीक्षण किया। मरीजों से हालचाल भी पूछे, सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। कुछ खिडकियां और दरवाजे टूटे हुए थे, कुछ जगह की दीवारें पर सीलन आ रही थी, कुछ टाइल्से भी टूटी हुई थी उन्हें क्यों ठीक नहीं करवाया इसके बारे में भी पूछताछ की और फिर सम्बंधित कम्पनी को हिदायत भी दी। अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को जो कार्य नही हुए उसमे कारण बताओ नोटिस भी दिया एवं बिवीजी कम्पनी को कार्य की अनदेखी के लिऐ आन स्पाट 25000 हजार का फाईन भी लगाया। चिकित्सक समय पर आए, खराब मशीन तुरन्त ठीक हो, मरीजों और परिजनों से व्यवहार ठीक हो, दवाइयों की उपलब्धता हो, इसके भी निर्देश दिए। नर्सिंग आफिसर, कर्मचारियों का रोस्टर भी चेक किया एवं समय पर न आने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भी दी। साफ चादर की कमी दिखी इस पर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डॉ. जेके वर्मा, डॉ. महेश खाचिरिया, डॉ. अजय गंग, डॉ. मनीष गोयल, बीवीजी का स्टाफ उपस्थित रहा।

# पुलिस कर्मियों का कमिश्नर ने किया कार्य पर सम्मान



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। हर सप्ताह पुलिस कमिश्नर सप्ताह में अच्छे कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों का सम्मान करते है। कल भी उन्होने अच्छे कार्य करने पर 13 पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत कर पलासिया कार्यालय पर सम्मान किया। कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, अधिकारी आर.के. सिंह ने संजय धुर्वे, शुभम पांडे, कमलेश चावडा, चरणसिंह, सुखवेन्द्र, प्रमोद मावई, धर्मेन्द्र ओझा, नागेन्द्रसिंह, रामकुमार त्यागी, जितेन्द्र गोयल, सुमंतसिंह कछावा, प्रदीप मनिहां को सम्मानित किया। इन सभी ने अपने-अपने थाना क्षेत्र और जिम्मेदारी वाली जगह पर अच्छा कार्य किया और सम्मान पाया।

## शोक बैठक



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय श्री मोहरीलालजी (चोटिया) के सुपुत्र, रामचंद्रजी शर्मा (चोटिया) के भ्राता, श्यामसुंदर शर्मा एवं स्वर्गीय सुनील शर्मा के पिताश्री, राजेश एवं स्व दिनेश के ताऊजी, यश, तनिष, अनुज,मनन व अमन के दादाजी **सीतारामजी शर्मा (पूर्व उपमंत्री इन्दौर बर्तन निर्माता विक्रेता संघ) का स्वर्गवास दिनांक 16 फरवरी 2026** को प्रातः काल हो गया है जिनकी **शोक बैठक दिनांक18 फरवरी 2026 को 5 बजे परशुराम धर्मशाला लोधीपुर गली नंबर 2** पर रखी गई है।

**-शोकाकुल-**

**एस.मोहरीलाल एण्ड कम्पनी- (बर्तन बाजार)**

**सुनील फ्लेम सेंटर-(बर्तन बाजार) एवं समस्त शर्मा परिवार**

**मो.नं.-9827274385, 9303043410**

# पाटोदी बने राष्ट्रीय महामंत्री

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रज्ञासागर म.सा. के सान्निध्य में गुरु आस्था परिवार का गठन किया गया। युवा प्रकोष्ठ के



राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन जैन जयपुर के साथ गौरव पाटोदी इन्दौर को राष्ट्रीय महामंत्री का दायित्व दिया गया। कई भाजपा नेताओं के अलावा जैन समाजजनों संजय पाटोदी, राहुल सेठी, सन्दीप जैन मोयरा, प्रतिपाल टोंगिया, अर्पित वाणी, रितेश पाटनी, अनीश सोनी, भरत बड़जात्या, अंशुल काला, सौरभ बड़जात्या, साधना दगड़े, अनामिका बाकलीवाल ने बधाई दी।

# गौ सेवा समिति ने की गौ आरती, कराई पेटपूजा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हर अमावस्या और पूर्णिमा पर गौ सेवा समिति के सदस्य गौशाला पहुंचकर गाय की पूजा, आरती करने के बाद अपने हाथों से अलग-अलग गायों को पेटपूजा कराते हैं। कल अमावस्या पर हरी मक्का की घास, पौष्टिक लड्डू, गुड़ के लड्डू, चापड, गेहूं का भूसा, सेंधा नमक इत्यादि सामग्री के साथ पेटपूजा श्रीराम मंदिर गौशाला पंचकुइया पर कराई। गौसेवा के बाद सभी श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ और खेड़ापति हनुमानजी के दर्शन भी किए। विजय शारदा श्याम, चन्द्रशेखर नीमा, विष्णु गुप्ता, बीएल तिवारी, श्याम पांडे, मुस्कान बियानी, अनिल नीमा, दिनेश



तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, मनोज नेमा, द्वारकादास नीमा, प्रवीण लड्ढा, नरेंद्रकुमार व्यास, नरेंद्रकुमार व्यास, अमृतलाल माटे, राजेश जोशी, राजेश बियानी, डॉ. कमल भंडारी. डॉ. संगीता भंडारी, जगदीश बंसल, किरण दिनेश नीमा, अदिति नीमा, शशांक नीमा, बलराम बजाज, प्रदीप फंडसे, मुकेश ठाकुर, नीता ठाकुर, राजेंद्र नीमा, सुरेश नीमा, अनुराग नीमां, प्रणेता नीमा, मनोहर नीमा, लक्ष्मी नीमा, गोपालदास राठी, जगदीश झंवर, रुपेश नीमा, मनोहर नीमा, उमा नीमा, मनोज नेमा, राधेश्याम गोयल, सरला गोयल, नीता दिलीप, संगीता नीमा, कैलाश नीमा, प्रवीण लढ़ा, सुभाष अजमेरा, कविता राहीज, किरण नीमा, दिनेश नीमा, प्रकाश राठी, किशन तिवारी, प्रकाश जैन उपस्थित थे।

# भंडारा का आयोजन



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चेतेश्वर महादेव मंदिर कबीरखेड़ी मेन रोड पर भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन से अनिल सेन, प्रवीणसिंह आमेरा, संजय जैन, गोविंद बैरागी, राजकुमार सेन, राजेशदास वैष्णव, अरुण पारे, जीतू मंडवाल, अर्पित वैष्णव, विनित पाराशर, कैलाश मोर्य, संजय शुक्ला, अमन यादव सहित अन्य मौजूद थे। कई राजनेता भी पहुंचे, जिनमें मुन्नालाल यादव, राजेन्द्र राठौर, मनोज मिश्रा, सुरजीतसिंह वालिया सहित अन्य भी थे।

# जैन सॉलिटेयर के 35 दम्पतियों ने लिया अच्छे यातायात का संकल्प



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन युवाओं की संस्था सॉलिटेयर ग्रुप ने रिसोर्ट पर 35 युगल के साथ पार्टी आयोजित की। इसमें 35 जैन दम्पतियों ने अच्छे यातायात को लेकर शपथ ली। ऋषभ प्राची कोठारी, अर्पित स्विटि जैन, अर्पित शिल्पा पामेचा, अमन पायल जैन, गौरव-रिया, पराग-अंकिता सुराना, सौरभ-रितु बरबेटा, निखिल-नयन बोथरा, वैभव-परिधि, मयंक-रिशिका मौजूद थे।

# ज़ाटव समाज ने की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जाटव एकता कल्याण समिति ने मूसाखेड़ी में समाज के वरिष्ठजनों के साथ बैठक आयोजित की। समाज के उत्थान, आपसी एकता को मजबूत करने और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर चर्चा भी की गई। बैठक में समाज संगठन के आगामी चुनाव जल्द कराने की मांग भी रखी गई। वर्तमान अध्यक्ष ने सहमति भी जताई। समाज में आपसी विवाद रोकने और मुद्दों के समाधान पर चर्चा हुई और उस पर निर्णय भी लिए गए। विजयसिंह जाटव, गोपाल जाटव, विनोद अमोले, गोरेलाल परमार, अनिल निजोतिया, नारायण अमोले, रामचंद्र परमार, सेवा लाल परमार, अनिल कदम, रामकरण कलम, रामनिवास अमोले, लड़कीदेवी निमोरे, दयाराम कदम उपस्थित रहे।





# मराठी ग्रुप ने लगवाया वाटर कूलर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मराठी सोशल ग्रुप ट्रस्ट ने आयोजन 'जत्रा' से प्राप्त आय को जनसेवा में समर्पित करते हुए शासकीय मल्हाराश्रम विद्यालय की छात्र मेस में 150 लीटर क्षमता का वाटर कूलर स्थापित कराया। मोनिका सबनीस, दिनेश शिंत्रे, देवेन्द्र कुमार रामिश, रेखा नाहर, राज ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# घायल युवक को पहुंचाया अस्पताल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डायल 112 ने रात्रिगश्त के दौरान पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में महू नाका से कलेक्टर रोड पर लोक सेवा केंद्र के पास सडक पर घायल पडा युवक दिखा। आरक्षक दुर्गेश सिंह एवं पायलट लखन दास बैरागी ने अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अवस्था में मिले युवक को त्वरित कार्यवाही करते हुए एफआरव्ही वाहन की मदद से एम वाय अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ घायल युवक का उपचार किया गया।





# गीत-संगीत का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सुरलय म्यूजिक ग्रुप द्वारा जाल सभागृह में शानदार गीत संगीत का आयोजन किया। स्वर विनेश खरे, मयंक थनवार, दिव्यांश परमार, शक्ति भट्ट, मनोज सनोठिया, विसा मेहता ने एक के बाद एक गीतों की प्रस्तुति दी। आयोजन से दीपक जैन, सचिन जैन जुड़े हुए थे।



# महिलाओं ने आरती के बाद किया प्रसादी का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रखर प्रज्ञा महिला मंडल नेहरू नगर द्वारा भोलेनाथ के शिवलिंग पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर प्रसादी का आयोजन किया। बड़ी संख्या में मातृशक्तियां मौजूद रही। प्रतिभा चौहान, हंसा थोरात, शांता सोनी, एकता सोनी, रमा मौर्य, कोमल शर्मा सहित अन्य मौजूद थी।



# देशभक्ति जागरण समिति ने दिए बच्चों को पुरस्कार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** तिलक नगर जैन मंदिर में देशभक्ति जागरण समिति ने कार्यक्रम कर बच्चों को पुरस्कृत किया। दिलीप राजपाल, नरेन्द्र गंगवाल, शेख सलीम, डॉ. अजीत विश्नार, सुभाष जैन सहित अन्य मौजूद थे।

# अन्नपूर्णा आश्रम पर दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल केन्द्रीय समिति एवं बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा मोटापा और मधुमेह के मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नीनादेवी अग्रवाल की स्मृति में 21 और 22 फरवरी दो दिनों तक अन्नपूर्णा आश्रम पर आयोजित किया जाएगा। किशोर गोयल, शीतल तोड़ीवाला, संजय तोड़ीवाला, राजेश अग्रवाल, राजकुमार बंसल, मनोज अग्रवाल, संजय गोयनका सहित अन्य ने बैठक भी आयोजित की।

# बालाजी क्षेत्र महिला संगठन की माधुरी सोमानी पुनः अध्यक्ष

## श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन का पुनर्गठन सम्पन्न

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।





श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन, के नवीन सत्र तीन साल के लिए महिला पदाधिकारियों का निर्वाचन सुरुचि गार्डन पर किया गया। साधारण सभा संस्था की आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता माधुरी सोमानी ने की। उल्लेखनीय है कि माधुरी सोमानी तीन साल पहले से संगठन की अध्यक्ष है और उन्हें काम के आधार पर फिर से बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन का अध्यक्ष चुन लिया गया है। पर्यवेक्षक रमा शारदा, निर्वाचन अधिकारी मंजू भलिका की मौजूदगी में पदाधिकारियों का चयन हुआ जिसमें अध्यक्ष-माधुरी सोमानी, सचिव-आशा अजमेरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-कृष्णा बाहेती, उपाध्यक्ष-ममता अगाल, संगठन मंत्री-सुमन सोनी, सहसचिव -पायल लाठी, कोषाध्यक्ष-किरण लाहोटी, प्रचार मंत्री- ज्योति भराणी, कार्यालय मंत्री-नीता सोमानी, सांस्कृतिक मंत्री-तृप्ति सोमानी- कार्यसमिति सदस्य-सुषमा चिचानी, आंचल दरक पंखुरी, निधि झंवर,सरिता नगवाड़िया,हर्षिता माहेश्वरी, पलक लाहोटी बनाए गए।

# हाईवे क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव

## *निर्मला मंत्री और सुधा मालू बनी पदाधिकारी*





इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। श्री माहेश्वरी समाज से जुड़ी क्षेत्रीय महिला संगठनों के चुनाव विगत 10 दिनों से चल रहे हैं। माहेश्वरी समाज हाईवे क्षेत्र माहेश्वरी महिला मंडल के चुनाव को अधिकारी निर्मला बाहेती ने निर्विरोध सम्पन्न कराए। अध्यक्ष निर्मला मंत्री, सचिव सुधा मालू, उपाध्यक्ष कविता लाहोटी, हेमा बियाणी, कोषाध्यक्ष दीपिका बाहेती, संगठन मंत्री वीना साबू, सहसचिव कविता बाहेती, प्रचार निर्मला भुराड़िया, सांस्कृतिक सचिव शीतल शारदा मनोनीत की गई। माहेश्वरी समाज की मातृशक्तियों ने और हाईवे क्षेत्र माहेश्वरी संगठन ने भी इन पदाधिकारियों को बधाई दी। यह निर्वाचन तीन साल के लिए किया गया है।

# दर्श माहेश्वरी को मिली जेईई मेन्स में अच्छी सफलता



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। अटासनिया परिवार से जुड़े दर्श माहेश्वरी ने जेईई मेन्स के प्रथम सत्र में 98.77 प्रतिशत अंक लाकर अच्छी सफलता हासिल की। माता-पिता प्रीति उपेन्द्र माहेश्वरी ने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर की। कई समाजजनों ने बधाई भी दी।



# अग्रबंधुओं ने देखा तांडव नृत्य

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संस्था अग्र मिलन कपल्स ग्रुप ने दम्पत्ति सदस्यों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। मौजूद अग्रवाल दम्पति सदस्यों ने भोलेनाथ माता पार्वती का तांडव नृत्य भी देखा। जगदीश गोयल, तृप्ति अरुण गोयल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, आरती अरुण गोयल की मौजूदगी में अध्यक्ष सीमा-उमेश अग्रवाल, महामंत्री सोनम-शेखर गोयल, कोषाध्यक्ष शीतल-दीपक गर्ग को जिम्मेदारी पद की दी गई। तृप्ति अरुण गोयल ने सभी को बधाई भी दी। संगठन हित की बात भी उदबोधन में कही।

# मराठा सेना के पदाधिकारियों ने लगाई अभियान में झाड़ू

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना द्वारा तीन दिवसीय महोत्सव की शुरुआत कल स्वच्छता अभियान के साथ हुई। संस्था के पदाधिकारी और सदस्य शिवाजी प्रतिमा एबी रोड पर पहुंचे वहां अभिषेक के साथ हाथों में झाड़ू थामकर साफ-सफाई भी की गई। आज शाम 6 बजे दीप प्रज्जवलित होंगे, आतिशबाजी भी की जाएगी। कल 19 फरवरी शिवाजी जयंती पर सुबह 8:30 बजे सांई मंदिर लव कुश आवास विहार सुखलिया से वाहन शौर्य रैली शिवाजी प्रतिमा तक निकाली जाएगी। वहां माल्यार्पण भी होगा। चंद्रकांत कुंजिर,



मिलिंद दिघे, स्वाति मोहिते, संदीप खरनाल, करण कुंजीर, राज जाधव,सुनील खंडागले, रवि खरनाल, श्याम सुंदर शर्मा, मनीष जाधव, नारायण खंडागले, संतोष पवार, अंकुश भोसले, रमेश खेड़े, स्वाति मोहिते, लवली जाधव,निहारिका कुंजीर, गोदावरी मोटवानी, रिया कुंजीर,मिष्टी पवैया, रेखा पवार, रुकमणी शर्मा गणेश राव सहित अन्य कल आयोजन में मौजूद थे।

# परशुराम सेना लगाएगी स्वास्थ्य शिविर

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। परशुराम सेना चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से एलआईजी चौराहा सीएचएल हास्पिटल पर यह कैम्प लगेगा। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनीष पोरवाल, नितिन मोदी एवं बच्चादानी कैंसर, स्तन कैंसर डॉ. अंजलि मसंद पर जानकारी भी देंगे। अनूप शुक्ला, भरत बागोरा, प्रकाश शर्मा, मीनू शर्मा, प्रकाश वाजपेयी, बंसीलाल पुरोहित, धीरज मेथल, अनिल तिवारी आयोजन से जुड़े हैं। संस्था के माध्यम से अगर टेस्ट कराए जाएंगे, उसमें काफी छूट दी जाएगी।

# लीनेस क्लब अध्यक्ष ने खुलवाया राइजिंग स्टार







इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लीनेस क्लब तेजस्विनी की अध्यक्ष लीनेस इति जैन ने प्रथम जूनियर लीनेस क्लब राइजिंग स्टार इन्दौर में खुलवाया। उसमें क्लब अध्यक्ष इनाक्षी जैन, सचिव लीनेस सौम्या मिश्रा, कोषाध्यक्ष लीनेस रीतिका पाटनी चुनी गई। इस दौरान सेवा कार्य के अन्तर्गत इनाक्षी जैन ने रक्तदान की शुरुआत करवाई और खुद ने सबसे पहले रक्त दिया। विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए जानकारी भी प्रदान की गई। सचिव सौम्या मिश्रा ने बताया कि अध्यक्ष इति जैन द्वारा आगामी दिनों विद्यार्थियों को निशुल्क स्टेशनरी दी जाएगी। सेवा कार्य की सराहना सभी क्लब और खासतौर से डिस्ट्रिक में हो रही है। डायरेक्ट सुशीला मूंगड़ और रमाकांता सोनी ने बच्चों के साथ सेवा कार्य की सराहना की।

# विद्यार्थियों की आंखों की होगी जांच

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लीनेस तेजस्विनी क्लब, बघेरवाल महिला प्रकोष्ठ मालवा प्रांत एवं शैल्बी हॉस्पिटल्स, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में कसेरा बाजार विद्या निकेतन स्कूल में 23 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्यार्थियों की आंखों एवं दांतों की जांच की जाएगी। डॉ. कुणाल गुप्ता सेवाएं देंगे।

# लीनेस क्लब कराएगा स्वास्थ्य पर चर्चा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लीनेस तेजस्विनी क्लब द्वारा शैल्बी अस्पताल के साथ स्वास्थ्य पर चर्चा का आयोजन रविवार 22 फरवरी, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शैल्बी अस्पताल, दूसरी मंजिल पर आयोजित होगा। डॉ. रोमित अग्रवाल डॉ. नरेंद्र बोरदिया, डॉ. रिद्धिमा ओझा इस स्वास्थ्य पर चर्चा में अपनी भूमिका निभाएंगे। क्रार्यक्रम में अतिथि अध्यक्ष इति जैन होंगी।

# पांच कवियों को मिलेगा गौरव अलंकरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मातृभाषा उन्नयन संस्थान द्वारा पाँच कवियों को काव्य गौरव अलंकरण 22 फरवरी को दिया जाएगा। अनुशंसा के आधार पर कवि डॉ. पंकज प्रसून चौधरी, निशा पण्डित, कमलेश दवे, पुष्पेन्द्र जोशी, शिवांगी प्रेरणा का सम्मान होगा। डॉ. अर्पण जैन अविचल ने उक्त जानकारी दी।

# प्रजापति समाज में कल सामूहिक विवाह आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

श्री सकल पंच मारू प्रजापति समाज द्वारा 43 कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन कल 19 फरवरी को दलालबाग में किया जाएगा। आयोजन के लिए भूमिपूजन कर तैयारियां शुरू कर दी गई। कल सुबह 7 बजे बाना, रानी लक्ष्मी बाई प्रतिमा से निकलेगा। बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहेंगे। झांकियां भी शामिल होंगी। घोडे, बग्घी, ढोल, ताशे सहित कई तामझाम भी रहेंगे। राजू प्रजापत, बंशीलाल बोरावड़, प्रेम गेन्दर,



जितेंद्र घटेरवाल, सुनील कपूरपुरा, दिलीप बोरावड़, ओम दुरान, गिरधारीलाल करवाल, मुकेश कपूरपुरा, पंकज सियोटा, आशीष गेन्दर, कमल सुवटा, श्याम घोड़ेला, उत्तम सियोटा, संदीप नंदिवाल, रूपेश बोबरिया, गोरधन भाटीवल, प्राकाश जिनोदिया, चंदन जलान्द्रा, मनोज खटोड़, सागर नागा आयोजन से जुड़े है और भूमिपूजन में भी मौजद थे।

# जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार के रसूख के चलते राहगीर हुए परेशान

## कलेक्टर ऑफिस के गेट पर नो पार्किंग मे खड़ा किया वाहन

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि नितिन राठौर)। भारतीय जनता पार्टी के धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष की वजह से कई लोगों को जाम मे फंसना पड़ा। यह घटना धार कलेक्ट्रोरेट की है, जहाँ भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार की गाड़ी के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अपने रसूख के चलते जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार के ड्रायवर ने जिलाध्यक्ष की मौजूदगी मे नो-पार्किंग मे चार पहिया गाड़ी को कलेक्टर कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़ा किया गया था, जिसके चलते बीच सड़क पर पूरे रास्ते पर लंबा जाम लग गया, जिससे कलेक्ट्रेट आने-जाने वाले लोगों और अन्य राहगीरों के साथ-साथ स्कूली बच्चों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सत्ता पक्ष के जिम्मेदार पद पर होने के बावजूद नियमों की इस तरह से अनदेखी चर्चा का विषय बनी हुई है,धार कलेक्ट्रेट के गेट पर भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार के वाहन द्वारा जाम लगाने की यह घटना प्रशासनिक व्यवस्था और सार्वजनिक यातायात पर राजनीतिक प्रभाव के दुरुपयोग का संकेत देती है। वाहन के बीच सड़क पर खड़े




होने के कारण कलेक्ट्रेट मार्ग पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया, जिससे आम जनता और कार्यालय आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, जिलाध्यक्ष ने अपने राजनीतिक पद के प्रभाव के कारण नियमों की अनदेखी की, जो उनके विवादित नेतृत्व की ओर इशारा करता है। जिला प्रशासन के मुख्य द्वार पर इस तरह का जाम लगना सुरक्षा और अनुशासन के लिहाज से एक गंभीर चूक मानी जा रही है। कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार की गाड़ी से जाम में फंसे लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है। लोगों ने इसे 'सत्ता का रसूख' करार देते हुए प्रशासन की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं। फिलहाल धार जिला प्रशासन या यातायात पुलिस की ओर से इस विशिष्ट मामले में किसी जुर्माने या एफआईआर की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन नियमों के मुताबिक नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर यातायात नियमों के तहत चालान की कार्रवाई का प्रावधान है। अपनी विवादास्पद पृष्ठभूमि के कारण चंचल पाटीदार कार्यशैली और बयानों को लेकर पहले भी चर्चा में रहे हैं। इस घटना ने उनके विवादास्पद नेतृत्व की छवि को और हवा दी है जिससे पार्टी के भीतर भी अनुशासन को लेकर सवाल उठ सकते है।

# तीव्र गतिशील अर्थव्यवस्था वाला मध्यप्रदेश

## प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 प्रस्तुत

मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025-26 में तीव्र गति से वृद्धि दर्ज की गई है। प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमान के अनुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जी एसडीपी) 16,69,750 करोड़ रुपए है, यह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के 15,02,428 करोड़ रुपए की तुलना में 11.4 प्रतिशत ज्यादा है, जिससे वर्ष 2011-12 के स्थिर मूल्य पर प्रदेश की आर्थिक विकास की वास्तविक विकास दर 8.04 प्रतिशत अनुमानित है, लेकिन राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.66 प्रतिशत है, कर्ज सकल राज्य घरेलू उत्पाद अनुपात 31. 3 प्रतिशत पर बना हुआ है, कर राजस्व में गत वर्ष की तुलना में 13.57 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है एवं वर्ष 2011- 12 से 2025-26 के मध्य प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है, प्रचलित मूल्यों पर यह वृद्धि 38,497 रूपए से बढ़कर 1,69,050 रुपए पर पहुंच गई ,जो कि विगत 14 वर्षों में चार गुना से अधिक की तेजी को प्रदर्शित करती है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश में हो रहे आर्थिक विकास का लाभ आम नागरिकों को मिल रहा है। मध्यप्रदेश का वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण विधान सभा में मंगलवार 17 फरवरी को प्रस्तुत किया गया जिसमें कृषि, उधोग एवं सेवा क्षेत्र में तीव्र दर से उछाल होने से चालू वित्तीय वर्ष में प्रदेश में आर्थिक विकास में जोरदार वृद्धि के साथ ही प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि दर्ज की गई, हालांकि प्रति व्यक्ति आय में यह इजाफा शहरी आबादी क्षेत्र में हुआ या ग्रामीण क्षेत्र की आबादी में भी हुआ, यह स्पष्ट नहीं किया गया। कृषि, उधोग एवं सेवा क्षेत्र में भी प्रगति के आंकड़े आर्थिक सर्वेक्षण में बताए गए है। प्रदेश में कृषि उत्पादन में 7.66 प्रतिशत एवं खाधन्न उत्पाद में 14.68 प्रतिशत की वृद्धि हुई, दुग्ध उत्पादन में 225.95 लाख टन होना, 72975किलोमीटर ग्रामीण सड़को का निर्माण ग्रामीण विकास की चमकदार तस्वीर है, लेकिन कृषक की आर्थिक स्थिति में क्या इजाफा हुआ, इस पर आर्थिक सर्वेक्षण में कुछ स्पष्ट नहीं है। चालू वित्त वर्ष में 1028औधोगिक ईकाईयों को 6125 एकड़ भूमि का आंबटन एवं 1.17 लाख करोड़ रुपए का निवेश, सूक्ष्म, लघु,मध्यम औधोगिक ईकाईयों को 22,612 करोड़ रुपए की सहायता आदि से 1.7 लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होना, लेकिन इन रोजगार की गुणवत्ता एवं स्थिरता क्या होगी यह एक बड़ा प्रश्न है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि, उधोग एवं सेवा क्षेत्र में तेजी से प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि एवं निवेश की बढ़ती रफ्तार उत्साहजनक है, लेकिन शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर में असमानता, बेरोजगारी की समस्या,कृषि क्षेत्र में अधिक निर्भरता आदि समस्याओं का निदान भी आवश्यक है, अन्यथा विकास की तीव्र गति धरातल पर दिखाई नहीं देगी।



**डॉ.मनोहरदास सोमानी, कुलसचिव, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन**

# आईडीए की पॉश कॉलोनी में गर्मी शुरू होने से बदल जाएगी सालों पुरानी डीपी और लाइनें

## स्कीम 140 में बिजली विभाग करेगा लाखों की लागत से बरसों पुरानी लाइन बदलने का काम



**इंदौर।** आने वाले दिनों गर्मी शुरू होने से पहले पिपलियाहाना क्षेत्र में इन्दौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) की पॉश कॉलोनी स्कीम 140 में बिजली विभाग क्षेत्र में लगी बरसों पुरानी डीपी और सभी लाइनें बदलेगा। जिसको लेकर बिजली विभाग ने यहां के बड़े हिस्से में तेजी के साथ काम शुरू भी कर दिया है। जिसके तहत पिपलियाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी स्कीम 140 में बिजली विभाग द्वारा आईडीपीएस स्कीम के तहत यहां की सालों पुरानी डीपी और बड़े हिस्से की हजारों वाट्स की बड़ी हैवी लोड वाली मुख्य लाइन और अन्य उपकरण,डीपी बदलने सहित अन्य काम शुरू कर दिए है। जिसके लिए यहां कालोनी के मुख्य मार्ग से लेकर भीतर तक बिजली कंपनी की टीम द्वारा लाइन बदलने का काम तेजी से किया जा रहा है।

**इस साल गर्मी में नहीं बढ़ेगा क्षेत्र में बिजली का लोड, बेवजह की कटौती से मिलेंगी राह-** वहीं बिजली विभाग द्वारा स्कीम 140 क्षेत्र में किए जा रहे इस काम के चलते इस साल गर्मी के दिनों में यहां समय रहते लाइन बदलने से घरेलू उपकरण और छोटी लाइनों पर भी लोड नहीं बढ़ेगा। जिसके तहत कालोनी के भीतर के बड़े हिस्से में मैन रोड़ पर बिजली विभाग द्वारा सालों पुरानी बिजली की बड़ी हैवी लाइनें बदलने का काम इन दिनों तेजी के साथ किया जा रहा है ताकि आने वाले दिनों में गर्मी का मौसम शुरू होने से पहले इस क्षेत्र के रहवासियों को गर्मी में लोड बढ़ने पर होने वाली बेवजह की बिजली कटौती से भी बड़ी राहत मिलेगी।

**पुरानी डीपी और सालों पुरानी लाइनें बदलने का विभाग को भी होगा फायदा-** यही नहीं सालों पुरानी डीपी और बड़े हिस्से में लाइन बदलने के इस कार्य से बड़ा फायदा बिजली विभाग को भी होगा ताकि सालों पुरानी लाइनों की वजह से होने वाले फाल्ट और लाइन लॉस जैसी बड़ी समस्यों से भी बिजली विभाग को मुक्ति मिलने वाली है। जिसके हिसाब से वर्तमान में यहां कालोनी के मुख्य मार्ग से लेकर विभिन्न गालियों में लगातार तेजी के साथ लाइने और तार बदलने का काम सावधानी और जिम्मेदारी के साथ कई लाइन मैन और वरिष्ठ अधिकारियों की देखरेख में ही किया जा रहा है।

# 1 मई से शुरू हो जाएंगे कॉलेजों में भरत नाट्यम कत्थक सहित अन्य नए कोर्स में एडमिशन

**इंदौर।** इंदौर के कॉलेजों में एक साथ कई नए पीजी कोर्स शुरू होने जा रहे। इसमें 1 मई से एडमिशन चालू हो जाएंगे। ये कोर्स इसी सत्र से शुरू होंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने इसके लिए संबद्धता भी जारी कर दी है। इस बार एमए के साथ ही एमएससी में भी एक साथ कई स्पेशलाइजेशन कोर्स शुरू किए होंगे। हालांकि कई कोर्स पिछले साल शुरू हो गए थे, लेकिन छात्रों को उसके बारे में जानकारी तक नहीं थी। अब इस बार छात्रों को एमए इन बिजनेस इकोनॉमिक्स, भारत नाट्यम और एमए इन कत्थक (नृत्य) जैसे कोर्स का विकल्प दिया जा रहा है। पहले कॉलेजों में एमए के सिर्फ 14 स्पेशलाइजेशन थे, जबकि 11 साल में 4 नए स्पेशलाइजेशन जुड़े थे। लेकिन नई शिक्षा नीति के तहत पहली बार 10 पीजी स्पेशलाइजेशन कोर्स एक साथ जुड़ गए। एमएससी के सात मिलाकर कुल 17 नए पीजी कोर्स एक साथ शुरू किए गए। छात्र पहली बार एमएससी में भी एग्रीकल्चर व हार्टिकल्चर जैसे कोर्स कर सकेंगे।



**इन कोर्स में इस साल पहली बार लीजिए प्रवेश-** एमए इन एक्सपेरिमेंटल साइकोलॉजी, बिजनेस इकोनॉमिक्स, वेद, ज्योतिषी ज्ञान, नृत्य (भरत नाट्यम), नृत्य (कत्थक), प्राचीन भारतीय इतिहास शामिल हैं। इनके अलावा भी कई स्पेशलाइजेशन को मंजूरी दी गई है। इधर, एमएससी इन इंडस्ट्रियल केमेस्ट्री, इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, इनवायरमेंटल साइंस, जियोलॉजी, फोरेंसिक साइंस, एग्रीकल्चर, हार्टिकल्चर तथा स्टेटिस्टिक्स शामिल हैं। बड़ी बात तो यह मानी गई है की एमए में अब बिजनेस इकोनॉमिक्स जैसे प्रोफेशनल स्पेशलाइजेशन भी जुड़ गया है। एमएससी में पहले सिर्फ माइक्रोबायोलॉजी हुआ करता था, अब इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी भी शुरू हो गया है।

**पहली बार एमए में प्रैक्टिकल पर फोकस-** एमएससी में पुराने स्पेशलाइजेशन नई डिमांड के अनुसार तैयार किए हैं। सामान्य तौर पर एमए हिस्ट्री, हिंदी, अंग्रेजी व इकोनॉमिक्स जैसे विकल्प मिलते थे, लेकिन नए विकल्प जुड़ने से छात्रों का रुझान एमबीए की तरह एमए के कोर्सेस में भी बढ़ेगा।

## संपादकीय

# यूनुस गए शर्तें रह गईं, क्या अमेरिका से समझौते की कीमत चुकाएगा बांग्लादेश

पुष्परंजन अपने इस लेख में बता रहे हैं कि मुहम्मद यूनुस को 'अमेरिका के करीबी' के तौर पर देखा जाता रहा है। इस तथ्य की पुष्टि के लिए बिल क्लिंटन परिवार से उनकी निकटता के कई उदाहरण दिए जाते हैं। एक कहावत है, 'सिर मुंडाते ही ओले पड़े'। बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान पहले देश की समस्याओं से दो-चार हों, या अमेरिका से? यह सवाल सबको परेशान किए हुए है। अंतरिम सरकार और अमेरिका के बीच हुए आपसी व्यापार समझौते ने बांग्लादेश की आर्थिक संप्रभुता पर सवाल उठाए हैं, खासकर व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा से जुड़े फैसलों में। मुहम्मद यूनुस की सलाह वाली अंतरिम सरकार को सिर्फ कुछ दिनों तक रहना था, उसकी जिम्मेदारी केवल चुनाव सुचारु रूप से कराने तक थी। इसलिए यह सवाल उठा है कि मुख्य सलाहकार अमेरिका से समझौता कैसे कर सकते थे! तारिक रहमान के शपथ लेने के बाद यों भी मुहम्मद यूनुस का नई सरकार से कोई लेना-देना नहीं रह जाता है, फिर उन्होंने जल्दबाजी में अमेरिका से बाध्यकारी समझौता कैसे कर लिया? आलोचक कई बाध्यकारी शर्तों वाले प्रावधानों की ओर इशारा करते हैं, जो यह बताते हैं कि अगर बांग्लादेश वाशिंगटन की शर्तों पर नहीं चला, तो भारी शुल्क फिर से आयद हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, समझौते में डिजिटल कारोबार सुविधा के प्रावधानों को देखा जा सकता है। अमेरिका से हुए समझौते में कहा गया है कि अगर बांग्लादेश किसी ऐसे देश के साथ नया डिजिटल व्यापार समझौता करता है, जो अमेरिका के जरूरी हितों को खतरे में डालता है, तो वाशिंगटन इस समझौते को खत्म कर सकता है और बांग्लादेश निर्यात पर 37 फीसद शुल्क फिर से लगा सकता है। यही शुल्क दर अमेरिका ने अप्रैल 2025 में प्रस्तावित की थी। नए समझौते में कहा गया है कि अगर बांग्लादेश के साथ बातचीत से अमेरिकी चिंताओं का समाधान नहीं होता है, तो अमेरिका इस समझौते से हट सकता है। इसके बाद अगर वह 37 फीसद शुल्क फिर से लागू कर दे, तो यह इतना ज्यादा है कि बांग्लादेश का अमेरिका को किया जाने वाला निर्यात तेजी से कम हो जाएगा। यह एक महंगा सौदा है, क्योंकि यह दक्षिण एशियाई देश अपने निर्यात राजस्व का लगभग पांचवां हिस्सा अमेरिकी खरीदारों को बेचे जाने वाले कपड़ों और दूसरे सामान से कमाता है। एक तरह से डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस समझौते के जरिये बांग्लादेश को आर्थिक नकेल पहना दी है। ऐसा लगता है कि नई सरकार के आने तक ट्रंप प्रशासन को सब्र नहीं था। और इसी वजह से यह आशंका जताई जा रही है कि अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस वाइट हाउस के दबाव में काम कर रहे थे। यूनुस चाहते तो इस समझौते को कुछ दिन टाल सकते थे। नौ फरवरी को अंतरिम सरकार और ट्रंप प्रशासन के बीच हुआ समझौता बांग्लादेश को 'किसी ऐसे देश से कोई भी परमाणु संयंत्र, फ्यूल राड या संवर्धित यूरेनियम खरीदने से भी रोकता है, जो अमेरिका के जरूरी हितों को 'खतरे में' डालता है।' बांग्लादेश ने अतीत में जो समझौते किए, उसे जारी रखने में कोई बाधा नहीं है, लेकिन नए समझौतों में उसे अमेरिकी हितों का ध्यान रखना होगा। उदाहरण के लिए रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। इसमें दो रिएक्टर हैं। यह परमाणु ऊर्जा संयंत्र ढाका से लगभग 160 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में पद्मा नदी के किनारे ईश्वरदी उपजिला के रूपपुर में बन रहा है। रूसी सहयोग से यह बांग्लादेश का पहला परमाणु ऊर्जा संयंत्र होगा। इसकी दो इकाइयों में से पहली इकाई मार्च 2026 में चालू होने की उम्मीद है। समझौते से पता चलता है कि रूसी स्टेट कार्पोरेशन रोसाटाम के जरिए रूसी तकनीक और वित्तीय सहायता से बने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के लिए आपूर्ति जारी रहने में दिक्कत नहीं है, लेकिन भविष्य में किसी भी परमाणु परियोजना पर कड़ी जांच हो सकती है। इस मसले पर बांग्लादेश के कुछ विशेषज्ञों ने भी चिंता जताते हुए कहा कि यह समझौते का सबसे जरूरी और विवादित हिस्सा है, क्योंकि यह हमारी संप्रभुता पर सवाल उठाता है। अब अगर अमेरिका बांग्लादेश के साथ रक्षा समझौते को आसान बनाने और बढ़ाने के लिए काम करेगा, तो इससे बांग्लादेश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है। दरअसल, यह समझौता दुर्लभ भू-धातुओं की खोज, उसे निकालने, उसे तैयार करने, भेजे जाने, वितरित करने और निर्यात करने के लिए अमेरिकी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का रास्ता भी खोलता है। यही नहीं, समझौता यह भी सुनिश्चित कर गया कि बांग्लादेश को साढ़े तीन अरब डालर के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने होंगे। इसमें पांच वर्ष तक हर साल कम से कम सात लाख टन गेहूं, 1.25 बिलियन डालर मूल्य के 2.6 मिलियन टन सोया और सोया उत्पाद और कपास खरीदने होंगे।

# फोटोग्राफर का कैमरा और कीमती लैंस ले उड़े बदमाश

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह की खुशियां उस वक्त फीकी पड़ गईं, जब एक फोटोग्राफर का कीमती सामान से भरा बैग चोरी हो गया। अज्ञात आरोपी भीड़भाड़ का फायदा उठाकर हजारों रुपये के कैमरा उपकरण और अन्य सामान लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी विशाल पिता करतार यादव निवासी हपाखेड़ी, जिला गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बिचोली मर्दाना स्थित पटेल धर्मशाला में आयोजित एक शादी कार्यक्रम में आया हुआ था। विशाल ने अपना बैग एक सुरक्षित स्थान पर रखा था और वह काम में व्यस्त था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौका पाकर उसका बैग वहां से पार कर दिया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि चोरी गए बैग में काफी कीमती सामान था, जिसमें एक सोनी कंपनी की कैमरा बॉडी, तीन महंगे कैमरा लैंस, कैमरा चार्जर, दो एक्स्ट्रा बैटरी, एक मोबाइल चार्जर और दो जोड़ी व्यक्तिगत कपड़े रखे थे। कनाड़िया पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस धर्मशाला और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

# शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो मां को पीटकर घर से निकाला

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** चंदन नगर थाना क्षेत्र में रिश्तों को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां के साथ सिर्फ इसलिए मारपीट की क्योंकि उन्होंने शराब पीने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था। आरोपी ने न केवल अपनी मां को पीटा, बल्कि उन्हें घर से बाहर निकाल दिया और दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक, फरियादी रेखा पति मांगीलाल सिसोदिया निवासी जवाहर टेकरी ने अपने बेटे सतीश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह घर पर थीं, तभी उनका बेटा वहां पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। जब फरियादी ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया, तो बेटा आपा खो बैठा और अपनी मां को ही गालियां देने लगा। जब मां ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो आरोपी बेटे ने उनके साथ हाथ-थप्पड़ों से जमकर मारपीट की। इतना ही नहीं, मारपीट के बाद सतीश ने उन्हें घर से बाहर धकेल दिया और चिल्लाते हुए कहा कि घर से निकल जा, मैं तुझे यहां नहीं रहने दूंगा। अगर दोबारा घर पर दिखी तो जान से खत्म कर दूंगा।

# नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में बड़ा खुलासा

**लव मैरिज के बाद पति देता था तलाक की धमकी, परेशान होकर जान ही दे दी**

**इंदौर।** राऊ इलाके में गत दिनों एक महिला द्वारा एसिड पीकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। मृतका ने प्रेम विवाह किया था, लेकिन शादी के बाद उसका पति उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। पुलिस ने पति की प्रताड़ना को ही आत्महत्या का मुख्य कारण माना है।

पुलिस जांच के अनुसार,गत 24 जनवरी को लक्ष्मी पति अंतिम (24), निवासी संजय नगर ने एसिड पी लिया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। चूंकि मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा था, इसलिए इसकी सूक्ष्म जांच एसीपी निधि सक्सेना द्वारा की गई। मर्ग जांच में सामने आया कि लक्ष्मी ने आरोपी अंतिम से लव मैरिज की थी।

शादी के बाद आरोपी अंतिम उसे उसके मायके वालों और परिजनों से बात नहीं करने देता था। आरोपी लगातार उसे तलाक देने की धमकी देता था और कहता था कि '50,000 रुपये ले और मुझे तलाक दे दे।' पति द्वारा लगातार दी जा रही धमकियों और मायके से संबंध तोड़ने के दबाव से लक्ष्मी काफी तनाव में थी।

इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उसने मौत को गले लगाने का फैसला किया। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# पुरानी रंजिश में व्यवसायी के घर पर एयर गन से फायरिंग

**इलाके में फैला तनाव,पुलिस बल तैनात**

**इंदौर।** महू थाना इलाके के पत्ती बाजार क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर दो बदमाशों ने एक व्यवसायी के मकान को निशाना बनाया। आरोपियों ने एयर गन से ताबड़तोड़ फायरिंग की, जिससे घर की खिड़कियों के कांच फूट गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए चार थानों का पुलिस बल तैनात करना पड़ा।

पुलिस के मुताबिक, घटना पत्ती बाजार स्थित शीतला माता मंदिर के पास की है। फरियादी विनय चौहान ने बताया कि आरोपी फरहान और मुख्तियार के साथ उनका पुराना विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते मंगलवार शाम 4 बजे से रात करीब 9 बजे के बीच आरोपियों ने दो बार उनके मकान पर एयर गन से फायर किए। गोलियों की आवाज और कांच टूटने से परिवार और आसपास के लोग दहशत में आ गए। फायरिंग की खबर फैलते ही स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों में रोष व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब 4 घंटे तक नारेबाजी की। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए एएसपी रूपेश द्विवेदी और एसडीओपी ललित सिकरवार मौके पर पहुंचे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए महू के साथ-साथ किशनगंज, बड़गोदा और मानपुर थानों के टीआई और अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित भीड़ को उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी फरहान और मुख्तियार के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर लिया है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# पुराने विवाद को लेकर युवक पर हमला

**कड़े और डंडे से की मारपीट, दो पर केस दर्ज**

**इंदौर।** विजय नगर थाना इलाके में आपसी रंजिश के चलते मारपीट का मामला सामने आया है। पुराने झगड़े की बात को लेकर दो युवकों ने एक अन्य युवक को घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए उस पर कड़े और डंडे से हमला कर दिया।

**गाली देने से मना किया तो भड़के आरोपी-** पुलिस के अनुसार, फरियादी ऋषभ पिता जितेंद्र यादव निवासी भागीरथपुरा की शिकायत पर आरोपी आयुष पिता पवन पटेल निवासी अभिनन्दन नगर और जिग्नेश राणा निवासी निरंजनपुर के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह स्कीम 54 में था, तभी आरोपी वहां पहुंचे। दोनों आरोपी पुराने किसी विवाद को लेकर फरियादी को देखते ही गालियां देने लगे। जब ऋषभ ने उन्हें अपशब्द कहने से मना किया, तो आरोपी हिंसक हो गए। फरियादी ने बताया कि बहस के दौरान आरोपी आयुष पटेल ने अपने हाथ में पहना हुआ भारी धातु का कड़ा ऋषभ की ठुड्डी पर दे मारा, जिससे उसे गंभीर चोट आई। इसी बीच दूसरे आरोपी जिगनेश राणा ने वहीं पड़ा एक डंडा उठाया और ऋषभ की पीठ पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकले।

# राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग पावरलिफ्टिंग व बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ



**इंदौर।** महाराजा रणजीत सिंह महाविद्यालय, इंदौर को म. प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग,पावरलिफ्टिंग (पुरुष-महिला) बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन का दायित्व सौंपा गया है। उक्त प्रतियोगिता महाविद्यालय के तत्वावधान में श्रीराम जिम्नेशियम रोबोट स्क्वायर के पास एम.आर. 9, इंदौर पर आयोजित की जा रही है । स्पर्धा का शुभारंभ सावन सोनकर, दिनेश पालीवाल, सी. बी. होलकर, विमल प्रजापत , दविंदर सिंह खनूजा, प्राचार्य डॉ. आनंद निघोजकर के मुख्य अतिथि में हुआ। अतिथियों का स्वागत क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई, डॉ. मितेश चौधरी, प्रो. प्रवीण शर्मा, डॉ. मनोज जोशी, डॉ. प्रदीप पूरे, डॉ. लाल कुमार, डॉ. शिफा गोयल, डॉ.दीप्ति बड़जातिया, डॉ. दीपक शर्मा के द्वारा किया गया। स्पर्धा के प्रथम दिवस में वेट लिफ्टिंग (महिला/पुरुष) एवं बॉडी बिल्डिंग (पुरुष) प्रतियोगिता आयोजित की गई । निर्णायक के रूप में संजय कराडे, जितेंद्र स्वामी, मनीष लश्करी, आदित्य जोशी, नरेन्द्र पाटीदार, दिलीप वर्मा, संजीव राजदान, मीरा राजदान, रेखा अग्रवाल के द्वारा किया गया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. निलेश मंडलोई ने बताया कि इस स्पर्धा में मध्य प्रदेश के 9 परंपरागत विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं। जिसमें लगभग 110 खिलाड़ियों की प्रविष्टि प्राप्त हुई है। स्पर्धा का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ. गीता सुरी के द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. पुष्पेंद्र दुबे के द्वारा माना गया। इस स्पर्धा की आयोजन शासन से प्राप्त उच्च शिक्षा की खेलकूद मार्गदर्शिका के अनुसार किया जा रहा है।



## स्कूल के विद्यार्थियों में जागरूकता अभियान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** न्यायाश्रय सामाजिक संस्था द्वारा इंदौर शहर में बच्चों की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। एडवोकेट डॉ. पंकज वाधवानी, राहुलसिंह यादव, अदनान मुलतानी, उमा जसवानी, रामकन्या चौहान, भूमि नागदेव, सोनाली वर्मा ,कल्पना, मृदुल, राहुल, गजेश, कमल हिरानी, जगताप ने अपनी भूमिका निभाई।

# एमबीए छात्रा हत्याकांड: 'चिह्नित अपराध' की श्रेणी में दर्ज होगा मामला

**इंदौर।** द्वारकापुरी क्षेत्र में हुई एमबीए छात्रा की नृशंस हत्या के मामले में इंदौर पुलिस आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने के लिए कमर कस चुकी है। पुलिस ने इस केस को 'चिह्नित अपराध' की श्रेणी में शामिल किया है, जिसका अर्थ है कि अब इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी ताकि आरोपी को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जा सके। आज रिमांड अवधि समाप्त होने पर आरोपी पीयूष धामनोतिया को न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम कल आरोपी पीयूष को द्वारकापुरी स्थित 'अंकल वाली गली' के उस कमरे पर ले गई थी, जहाँ उसने वारदात को अंजाम दिया था। सीन रीक्रिएशन के दौरान पुलिस ने हत्या में उपयोग किया गया चाकू और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए।आरोपी ने बताया कि उसने वारदात के बाद कमरे की चाबी गोपुर चौराहे पर फेंक दी थी।आरोपी ने पुलिस के सामने पूरी कड़ियों को दोहराया कि उसने किस तरह छात्रा पर हमला किया और भागने से पहले क्या-क्या किया। आज जब पुलिस आरोपी पीयूष को कोर्ट ले जा रही थी, तब उसका व्यवहार बेहद चौंकाने वाला रहा। मीडिया द्वारा हत्याकांड के कारणों और पश्चाताप को लेकर पूछे गए सवालों पर वह पहले तो चुप रहा, लेकिन फिर एक कुटिल मुस्कान के साथ बोला— 'समय आने पर सब बताऊंगा।' आरोपी के चेहरे पर हत्या का कोई पछतावा नहीं दिखा, जो पुलिस के लिए भी जांच का एक विषय है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके पास पर्याप्त वैज्ञानिक और फोरेंसिक साक्ष्य मौजूद हैं। आरोपी के खिलाफ चार्जशीट जल्द से जल्द तैयार की जा रही है। चिह्नित अपराध की श्रेणी में होने के कारण इस मामले की हर तारीख पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी ताकि गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपी को फांसी के फंदे तक पहुंचाया जा सके।

## कार में लगी आग

**इंदौर।** बीती रात एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक कार में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। घटना रात्रि 11:50 बजे गिरनार परिसर में हुई। यहां रहने वाले गुरु चरण सिंह पिता मदन सिंह के मुताबिक घर के बाहर खड़ी वेगनर कार में आग लग गई। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने 2500 लीटर पानी का उपयोग कर आग बुझाई। फरियादी गुरु चरण सिंह ने आशंका जताई है कि अज्ञात बदमाशों ने कार में आग लगाई है। एरोड्रम पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## करंट से मजदूर की मौत, केस दर्ज

**इंदौर।** भंवरकुआं क्षेत्र में हाईड्रीम लाईब्रेरी संतनगर में होर्डिंग बोर्ड लगाने के दौरान हुए एक व्यक्ति की मौत में पुलिस ने केस दर्ज किया है। मृतक का नाम मिर्जा इशरत बेग निवासी ग्राम सिरसोद जिला खंडवा है। पुलिस ने लाईब्रेरी के संचालक पवन साहू और शुभम पालीवाल के खिलाफ सुरक्षा में लापरवाही का केस दर्ज किया है। आरोपी बिना अनुमति के भी बोर्ड लगवा रहे थे।

## सुखमन व अक्षत की उम्दा पारियां

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एसवीसीए द्वारा आयोजित एवं प्रायोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत संजय लुणावत फाउण्डेशन एवं महू स्पोटस के मध्य मैच खेला गया जिसमें महू स्पोटस ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो में 7 विकेट खोकर 136 रन बनाये। सौरभ परिहार ने 38 रन बनाये। आदित्य सक्सेना ने 2 विकेट लिये । जवाब में संजय लुणावत फाउण्डेशन की टीम ने 17 ओवरो में 2 विकेट खोकर 137 रन बनाकर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया । सुखमन सिंह ने नाबाद 35 रन, अक्षत बुन्देला ने 34 रन, प्रणव परिहार ने 33 रन एवं अवि पाल ने नाबाद 32 रन बनाये ।

### आयसीसी की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच आयसीसी एवं इंदौर स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर स्पोटस ने पहले खेलते हुए 19 ओवरो में 101 रन बनाकर सभी विकेट खो दिए। कपिश घोसालकर ने 3 विकेट लिये । जवाब में आयसीसी ने 17 ओवरो में 5 विकेट खोकर 104 रन बनाकर यह मैच 5 विकेट से जीत लिया। यश यादव ने सर्वाधिक 41 रन बनाये।

### एमवायसीसी की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं एनसीए के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 20 ओवरो मे 149 रन बनाये। अभीषेक राठौर ने 58 रन बनाये। नयनराज मेवाडा एवं राज डाबी ने 3-3 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 19 ओवरो में 4 विकेट खोकर 150 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीत लिया । चंचल राठौर ने 39 रन,, राज डाबी ने 35 रन तथा कुलदीप गेही व अभीषेक यादव ने 34-34 रन बनाये।

## फ्लैश...

*- प्रोजेक्ट चीता के तहत दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता 'गामिनी' ने 3 शावकों को दिया जन्म*

*- श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क में आए चीतों के 3 वर्ष पूर्ण होने के साथ यह 9वां सफल प्रसव दर्ज हुआ।*

*- इसी के साथ भारत में अब चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई*

*- वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण संतुलन की दिशा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है।*

*- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर दी जानकारी*

## मां अंजना की रसोई में विराजेंगे पितरेश्वर हनुमान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पितृ पर्वत स्थित पितरेश्वर हनुमानधाम पर 28 फरवरी को वार्षिक महोत्सव मनाया जाएगा। मथुरा से आए कारीगरों द्वारा निर्मित व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। मां अंजना की रसोई में पितरेश्वर हनुमान के दर्शन होंगे। महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण होगा। शाम को फाग उत्सव भी मनाया जाएगा।



## राज्यपाल ने किया एनीमिया जागरूकता रथ को रवाना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने शहर भ्रमण के लिए एनीमिया जागरूकता रथ को रवाना किया। आगामी दिनों यह रथ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा। करीब 20 लाख लोगों तक इस अभियान के माध्यम से पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद सेवा प्रकल्प, आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन एवं एडवांस्ड होम्योपैथिक सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। राज्यपाल ने रथ को हरी झंडा दिखाकर रवाना किया।



## स्वरांजलि में दिखी भारतीय नृत्य की झलक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आईपीएस अकादमी, इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस के वार्षिकोत्सव 'स्वरांजलि में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय नृत्य की झलक दिखाई दी। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन पर विद्यार्थियों निखिल व्यास, तनिषा शर्मा, शाहिल शर्मा का सम्मान भी हुआ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अनुभाग बिचौली हप्सी, जिला इन्दौर**

**क्रमांक:** 928/री.एस.डी.ओ./2026

**इंदौर, दिनांक:** 09.01.2026
प्र.क्र./0026/अ-74/2025-26

**::उद्घोषणा::**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदित किया गया कि नगर पालिक निगम, इन्दौर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत ग्राम सनावदिया तहसील भिचौलीहप्सी जिला इंदौर पर निर्मित किये गये नीलगिरी परिसर के रहवासियों द्वारा नीलगिरी परिसर रहवासी संघ का गठन कर सोसायटी रजिस्ट्रेशन का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र के साथ शपथ-पत्र, सदस्यों की सहमति हस्ताक्षर सहित जानकारी, रजिस्ट्रियों की छायाप्रतियां, **''नीलगिरी परिसर रहवासी संघ''** (स्लम) के व्यक्तियों की सूची दस्तावेज प्रस्तुत किये गये।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये उक्त आवेदन-पत्र के संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण पंजीबद्ध होकर विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को उक्त सोसायटी के पंजीयन में कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अधिकृत व्यक्ति/ अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 20/02/2026 तक प्रशासनिक संकुल, इन्दौर के न्यायालयीन कक्ष क्रमांक जी-07 में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त उद्घोषणा, मेरे द्वारा आज दिनांक 09/01/2026 को हस्ताक्षरित होकर न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा)**
**एवं सक्षम प्राधिकारी अनुभाग बिचौली हप्सी, इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती अनीता राठौर पति ईश्वर राठौर** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नम्बर 147 श्रीराम नगर इन्दौर पिन नं. 1003099484 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## न्यूज इन बॉक्स

# फेंसिंग प्लेयर मंसूरी का सम्मान




**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चंदन नगर क्षेत्र के स्कूल में विद्यार्थी और फेंसिंग प्लेयर अरहम मंसूरी का सम्मान किया गया। मंसूरी ने विगत दिनों खेलो एम पी यूथ गेम्स में फेंसिंग (तलवारबाजी) खेल में इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व किया और सफलताएं हासिल की। पार्षद फातमा-रफीक खान, याकूब मेनन, सईद आलम, मनीष आर्य, जावेद खान, सौफिया सहित अन्य की मौजूदगी में यह सम्मान हुआ।

# नायर क्रिकेट एकेडमी की विशाल जीत





**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेशन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एनसीए एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी किवेट खोकर 204 रन बनाये। अर्जुन शर्मा ने 86 रन बनाये। आदित्य वाणी ने 6 विकेट लिये। जवबा में एसवीसए की टीम 28 ओवरो में 76 रनों पर सिमट गई और यह मैच 128 रनों से हार गई। अथर्व ने 3 विकेट लियें।

## सीसीआय की रोमांचक जीत





इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच सीसीआय एवं एकेसीए के मध्य खेला गया जिसमें सीसीआय ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 9 विकेट खोकर 174 रन बनाये। अद्रिक बुंदेला ने नाबाद 92 रन बनाये। सानिध्य जाट ने 5 विकेट लिये । जवाब में एकेसीए की टीम 49 ओवरो में 173 रनों पर सिमट गई और यह मैच 1 रन से रोमांचक अंदाज से हार गई । अविराट ने 3 विकेट लिये।

# विरुष्का ने प्रेमानंद महाराज से लिया आशीर्वाद

**मथुरा ।** भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी वाइफ अनुष्का शर्मा के साथ मंगलवार को केली कुंज आश्रम में आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे। यह जोड़ा मंगलवार सुबह 5:30 बजे आश्रम पहुंचा, जहां करीब 1 घंटा बिताया। आश्रम के यू-ट्यूब चैनल भजन मार्ग पर जारी एक वीडियो में विराट और अनुष्का आश्रम के हॉल में भीड़ के साथ चुपचाप बैठे नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने प्रेमानंद महाराज के उपदेश सुने और कीर्तन का आनंद लिया।



ऐसा पहली बार नहीं है, जब अनुष्का शर्मा और विराट कोहली आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए वृंदावन पहुंचे। यह जोड़ा पहले भी कई बार प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचा है। पिछली बार उन्होंने आध्यात्मिक गुरु से जीवन के असली उद्देश्य और गुरु के बताए मार्ग पर चलने वाली भक्ति की यात्रा के बारे में बात की थी। पिछले कुछ वर्षों में इस जोड़े का आध्यात्मिक झुकाव देखने को मिला है। साल 2023 में विरुष्का महाकालेश्वर मंदिर और नीम करोली बाबा आश्रम समेत अन्य धार्मिक स्थलों में पहुंचे थे।

फिलहाल टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2026 में व्यस्त है। कोहली टेस्ट के अलावा, टी20 फॉर्मेट से भी संन्यास ले चुके हैं। अब कोहली अगले महीने मैदान पर वापस लौटेंगे, जहां वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलते नजर आएंगे। आईपीएल इतिहास में ऐसा पहली बार होगा, जब आरसीबी डिफेंडिंग चैंपियन के तौर पर टूर्नामेंट में उतरेगी। जब आरसीबी सीजन के पहले मैच में उतरेगी, तो सभी की नजरें विराट पर टिकी होंगी।

विराट कोहली जुलाई से भारतीय टीम के साथ नजर आएंगे। इस दौरान टीम इंग्लैंड में वनडे सीरीज खेलेगी, जिसकी शुरुआत 14 जुलाई से होगी। कोहली न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार फॉर्म में नजर आए थे। उन्होंने 3 मुकाबलों की सीरीज में 240 रन बनाए थे। फैंस उम्मीद करेंगे कि कोहली इंग्लैंड दौरे पर भी यही फॉर्म जारी रखें। कोहली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। कोहली ने अब तक 85 शतक लगाए हैं, जबकि लिस्ट में शीर्ष पर मौजूद सचिन तेंदुलकर ने अपने करियर में 100 शतक लगाए थे।

# किसी को नहीं मिलेगा आराम फुल स्ट्रैंथ के साथ खेलेगी टीम

**अहमदाबाद।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ में पहुंच चुकी है लेकिन बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को नीदरलैंड के खिलाफ ग्रुप ए के आखिरी मैच में विश्राम नहीं दिया जायेगा। पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को हुए मुकाबले में बुमराह ने सईम अयूब और कप्तान सलमान अली आगा के अहम विकेट लिये जिससे पाकिस्तान को 61 रन से पराजय का सामना करना पड़ा।




बीसीसीआई की खेल विज्ञान टीम बुमराह के कार्यभार का एहतियात के साथ प्रबंधन कर रही है और उन्हें समय समय पर विश्राम दिया जाता है। कोटक ने हालांकि मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, मुझे नहीं लगता कि बुमराह को आराम दिया जायेगा। इसके बारे में बाद में फैसला लेंगे। अभिषेक शर्मा की फिटनेस के बारे में उन्होंने सकारात्मक जवाब दिया। अभिषेक पेट में संक्रमण के कारण नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ शून्य पर आउट हो गए। कोटक ने कहा, उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। पिछले मैच में वह पहले ओवर में आउट हो गया। हम ज्यादा विश्लेषण नहीं करना चाहते। अब वह ठीक है। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की तारीफ करते हुए कहा, वह अपने शुरुआती दिनों से ही आत्मविश्वास से भरपूर है। इससे टी20 क्रिकेट में मदद मिलती है। विश्व कप शुरू होने के बाद से हमने देखा है कि कोई भी टीम किसी भी टीम को हरा सकती है और यही वजह है कि हर मैच अहम है।

# आज पाकिस्तान को जीत दर्ज करना होगी, नहीं तो टूर्नामेंट से होगा बाहर

**कोलंबो ।** भारत के हाथों टी20 विश्व कप में मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों को प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा है लेकिन ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक ने मंगलवार को कहा कि इस हार के बावजूद टीम पर किसी तरह का दबाव नहीं है।

इस 28 वर्षीय 'मिस्ट्री स्पिनर (जिसकी गेंदों को पढ़ना बल्लेबाज के लिए मुश्किल होता है) ने भारत के खिलाफ फीके प्रदर्शन के बाद अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी का भी बचाव करते हुए कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों ने पाकिस्तान को कई मैच जिताए हैं। अनोखे गेंदबाजी एक्शन से सुर्खियां बटोरने वाले तारिक ने नामीबिया के खिलाफ ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच की पूर्व संध्या पर कहा, सच कहूं तो यह दबाव ज्यादातर दर्शकों और बाहरी शोर से होता है। लोगों को लगता है कि टीम में घबराहट का माहौल है लेकिन टीम के भीतर मैंने ऐसा कोई दबाव महसूस नहीं किया। जीत और हार खेल का हिस्सा हैं। उन्होंने नामीबिया के खिलाफ एकादश में बदलाव के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम अपनी ताकत पर भरोसा करते हैं और आने वाले मैचों में उसी का इस्तेमाल करेंगे। फिलहाल अंतिम एकादश को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। मैच के दिन देखा जाएगा कि कौन खेलता है।

# अपने आखिरी लीग मैच में बड़ी जीत चाहेगा भारत

**अहमदाबाद ।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 का 36वां मुकाबला भारत और नीदरलैंड्स के बीच आज शाम को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम इंडिया पहले ही सुपर 8 के लिए क्वालीफाई कर चुकी है जबकि नीदरलैंड्स का अगले राउंड में पहुंचा असंभव है। भारतीय टीम इस मैच में अपने कुछ प्लेयर्स को आराम भी दे सकती है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम जीत के साथ ही अपने ग्रुप स्टेज मुकाबले खत्म करना चाहेगी। आइये जानते हैं इस मैच में पिच कैसा खेल सकती है।




अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए ज्यादा अनुकूल रहती है। बल्लेबाजों को यहां काफी मदद मिलती है। अच्छा बाउंस होने की वजह से यहां गेंद बल्ले पर अच्छी आती है, जिसके चलते बल्लेबाज खुलकर रन बना पाते हैं। हालांकि तेज गेंदबाजों को अच्छे उछाल की वजह से अहमदाबाद में मदद मिलती है। इसी मैदान पर 175 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आसानी से चेज कर दिया था। कुल मिलाकर बल्लेबाजों की यहां चांदी होती है। अब तक अहमदाबाद में कुल 14 टी20 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 9 पहले बैटिंग तो 5 मुकाबले दूसरी बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। पहली पारी का औसत स्कोक नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 172 रन है। भारत के नाम यहां हाइएस्ट स्कोर दर्ज है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 2023 में 4 विकेट पर 234 रन बनाए थे।

## मैच के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**नीदरलैंड्स-** माइकल लेविट, मैक्स ओ'डॉउड, बास डी लीडे, कॉलिन एकरमैन, स्कॉट एडवर्ड्स (विकेटकीपर/कप्तान), जैच लायन-कैशेट, रूलोफ वैन डर मर्व, लोगान वैन बीक, आर्यन दत्त, काइल क्लेन, फ्रेड क्लासेन, नोआ क्रॉस, साकिब जुल्फिकार, पॉल वैन मीकेरेन, टिम वैन डेर गुगटेन।

# पिता ने युवराज सिंह पर रखा था नाम, बेटे ने टी20 वर्ल्ड कप में रचा इतिहास

**नई दिल्ली ।** युवराज सामरा चर्चा में हैं। कनाडा का ये क्रिकेटर मंगलवार को न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की नाक में दम कर दिया। टी20 विश्व कप में सबसे कम उम्र में शतक जड़कर इतिहास रच दिया। कनाडा मैच नहीं जीत पाया लेकिन युवराज ने लाखों क्रिकेटप्रेमियों का दिल जीत लिया। उनके पिता ने भारत के दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह के नाम पर उनका नाम रखा था। उस समय उन्हें क्या पता कि एक दिन उनका बेटा भी क्रिकेट के सबसे बड़े मंच में से एक टी20 विश्व कप में नाम करेगा। बल्ले का ऐसा जौहर दिखाएगा कि गेंदबाजों की शामत आ जाएगी।



**टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक-** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए कनाडा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। ओपनर युवराज सामरा ने सिर्फ 65 गेंदों में 110 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 6 छक्के जड़े। इसके साथ ही युवराज ने टी20 विश्व कप के इतिहास में सबसे कम उम्र में शतक जड़ने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने ये शतक 19 वर्ष और 141 दिन की उम्र में पूरा किया। युवराज सामरा ने कप्तान दिलप्रीत बाजवा के साथ पहले विकेट के लिए 116 रन की शानदार साझेदारी निभाई। बाजवा ने 36 गेंदों में 39 रन बनाए।

## देर रात हादसा...

# बस की चपेट में आए बुलेट सवार



### राहगीरों ने बस को उठाकर जैसे-तैसे निकाला

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। एक यात्री बस की चपेट में आए बुलेट सवारों को निकालने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में राहगीर बस को उठाकर अगले टायर में फंसे बाइक सवार को निकालने का प्रयास कर रहे है। बाइक तो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, गनीमत रही कि बाइक सवार युवक जैसे-तैसे बच गए।**

मिली जानकारी के अनुसार घटना रात 2.30 बजे रसोमा चौराहा की बताई जा रही है। पाटीदार-कृष्णायणी ट्रेवल्स बस क्र. एमपी-40 पी-0315 की चपेट में बुलेट सवार युवक आए है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि बस चालक सामान्य स्थिति में नहीं था और टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। वीडियो में बुलेट सवार जान बचाने के लिए चिल्ला रहे है। फिलहाल पुलिस ने घटना की पुष्टि नहीं की है।

## मामूली विवाद में दोस्त ने साथियों संग मिलकर युवक की कमर में घोंपा चाकू, हालत नाजुक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में दोस्तों के बीच खूनी रंजिश का मामला सामने आया है। मामूली विवाद के बाद शुरू हुई गाली-गलौज ने हिंसक रूप ले लिया और एक युवक पर उसके ही दोस्तों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, घायल युवक का नाम मोहम्मद हुसैन पिता आरिफ, निवासी गुलजार कॉलोनी है। फरियादी का उसके दोस्त बिलाल, जिहान और आमिल के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पहले दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और गाली-गलौज हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट के दौरान आरोपियों में से एक ने अचानक चाकू निकाला और मोहम्मद हुसैन पर वार कर दिया। चाकू सीधे उसकी कमर में लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। शोर सुनकर परिजन और आसपास के लोग पहुंचे, जिन्हें देखकर आरोपी फरार हो गए। घायल को तत्काल एमवाय अस्पतालले जाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है। जूनी इंदौर पुलिस ने मामले में आरोपी बिलाल, जिहान और आमिल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## ससुराल पक्ष के अपमान से तंग महिला ने पिया जहर, तीन पर केस

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** क्षिप्रा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडलावदा में घरेलू विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। ससुराल पक्ष की कथित प्रताड़ना और अश्लील गाली-गलौज से परेशान एक महिला ने जहरीली दवा पीकर आत्मघाती कदम उठा लिया, जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सास मानकुंवर बाई,ससुर प्रेमसिंह और पति राजेन्द्र सिंह ने फरियादी पूनम बाई के साथ गाली-गलौज और अपमानजनक व्यवहार किया। आरोप है कि मानसिक रूप से प्रताड़ित होने पर पूनम बाई ने चूहा मारने की दवा पी ली। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए पहुंचाया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। क्षिप्रा पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट के आधार पर तीनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला के साथ अभद्रता और घर में तोड़फोड़

### पति के घर न होने पर आरोपी ने की झूमाझटकी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ गाली-गलौज और झूमाझटकी का मामला सामने आया है। आरोपी ने न केवल महिला के घर में तोड़फोड़ की, बल्कि बीच-बचाव करने आए पड़ोसियों को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, फरियादी सुनैना पति कमल मंडलोई निवासी श्रीकृष्णा रेसीडेंसी, नंदबाग की रिपोर्ट पर आरोपी अनिल पिता राजेन्द्र राय के खिलाफ केस दर्ज किया गया।फरियादी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जब उनके पति ड्यूटी पर गए हुए थे, तभी उनके पड़ोस में रहने वाला आरोपी उनके घर पहुँचा। आरोपी चिल्लाते हुए फरियादी के पति को बाहर निकालने के लिए कहने लगा। जब महिला ने बताया कि पति घर पर नहीं हैं, तो आरोपी उग्र हो गया और अभद्र गालियां देने लगा। गुस्से में आकर उसने घर के बाहर लगी प्लास्टिक की जाली भी तोड़ दी। जैसे ही फरियादी महिला आरोपी को रोकने के लिए घर के बाहर निकलीं, आरोपी ने उनके साथ झूमाझटकी शुरू कर दी। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के पड़ोसी तुरंत मौके पर इकट्ठा हो गए। भीड़ को अपनी ओर आता देख आरोपी वहां से भाग निकला।

## घर के बाहर खड़ी कार में बदमाशों ने लगाई आग

**इंदौर ।** महू थाना इलाके के सारवन मोहल्ला क्षेत्र में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी एक महिला की कार को निशाना बनाते हुए उसमें आग लगा दी। घटना के समय परिवार सो रहा था, शोर सुनकर वे बाहर निकले तब तक कार का अगला हिस्सा पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादी रानी पति उमर खान निवासी सारवन मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी वैगनआर कार रोज की तरह घर के बाहर खड़ी की थी। रात करीब 2:20 बजे अचानक बाहर तेज शोर-शराबा और कुछ जलने की आवाजें सुनाई दीं। जब रानी खान और उनके परिजन बाहर निकले, तो देखा कि उनकी कार आग की लपटों से घिरी हुई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि जिस तरह से आग तेजी से फैली, उससे उन्हें पूरा अंदेशा है कि अज्ञात बदमाशों ने रंजिश के चलते कार पर पेट्रोल डालकर आग लगाई है।

## मकान विवाद को लेकर खूनी रंजिश

### बुआ-मामा के परिवारों में चले चाकू और लात-घूंसे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**पलासिया थाना क्षेत्र अंतर्गत विनोबा नगर में मकान पर कब्जे को लेकर एक ही परिवार के दो पक्ष आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि लात-घूंसों के साथ-साथ चाकू भी निकल आए। इस हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के मुताबिक, विवाद की शुरुआत विनोबा नगर स्थित एक मकान को खाली कराने की बात पर हुई। पहले पक्ष से दीपक पिता विष्णु बौरासी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके मामा का लड़का रजत कैथवास उसे और उसके परिवार को घर से निकलने की धमकी दे रहा था। रजत ने गालियां देते हुए कहा कि 'घर से निकल जाओ वरना जिंदा नहीं छोड़ेंगे।' जब दीपक ने विरोध किया, तो रजत ने उसे जमीन पर पटक दिया और चाकू से हमला कर दिया। चाकू दीपक के कंधे में लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया।

वहीं, दूसरे पक्ष से रजत कैथवास ने भी दीपक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। रजत का आरोप है कि उसकी मां नंदा और उसकी बुआ के बीच घर खाली करने को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी बीच आरोपी दीपक वहां पहुंचा और गालियां देने लगा। जब रजत ने बीच-बचाव किया, तो दीपक ने उसे जमीन पर पटककर लात-घूंसों से जमकर पीटा, जिससे उसकी पीठ और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं।

# नकली 'फेविक्विक' का बड़ा जखीरा बरामद

### 15 हजार पाउच के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** एरोड्रम पुलिस ने ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली उत्पाद बेचने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। एरोड्रम पुलिस ने प्रसिद्ध कंपनी पीडिलाइट इंडस्ट्रीज के नाम पर बेचे जा रहे नकली फेवीक्विक के करीब 15,000 पाउच जब्त किए हैं। पकड़े गए माल की बाजार में अनुमानित कीमत 75,000/- बताई जा रही है।

पुलिस को पीडिलाइट कंपनी के अधिकारियों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि इंदौर में उनके उत्पाद 'फेवीक्विक' का नकली निर्माण और विक्रय धड़ल्ले से हो रहा है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एरोड्रम पुलिस ने सुखदेव विहार मेन रोड पर घेराबंदी की। पुलिस ने एक नीले रंग की एक्टिवा एमपी-09-यूडब्ल्यू-7014 को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर



पीछे बंधे कार्टन से भारी मात्रा में नकली फेवीक्विक बरामद हुई।

### दिल्ली से मंगाया था माल

पुलिस ने आरोपी पियूष मेघानी निवासी जयरामपुर कॉलोनी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह यह नकली माल दिल्ली से मंगवाता था और इंदौर में स्थानीय दुकानों पर ऑर्डर मिलने पर सप्लाई करता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15,000 पाउच और घटना में इस्तेमाल एक्टिवा गाड़ी भी जब्त कर ली है। एरोड्रम पुलिस ने कॉपीराइट एक्ट और अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शहर में और किन-किन दुकानों पर इस नकली माल की सप्लाई की गई थी।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।